दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 348

ग्वालियर, बुधवार 07 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आंतकी ढेर

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पॉशक्रीरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि पोशक्रीरि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसपर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की और मुठभेड़ शुरू हो गई। कश्मीर के एडीजीपी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान दानिश भट उर्फ कोकब दुर्गी और बशारत नबी के रूप में हुई है। दोनों प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े थे। दोनों 9 अप्रैल 2021 को एक टीए कर्मी सलीम की हत्या और 29 मई 2021 को जबलीपोरा में दो नागरिकों की हत्या में शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक बीते सोमवार को आतंकियों ने अनंतनाग के इमामसाहिब इलाके में एसओजी कैंप पर हमला किया था।

कोरोना के खिलाफ जंग में एक और छलांग

नई दिल्ली। भारत बायोटेक की नाक के रास्ते दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए डीसीजीआई की मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इस बात की जानकारी दी। यह भारत की पहली नेजल वैक्सीन होगी। माना जा रहा है कि इससे भारत में कोरोना के खिलाफ जंग को एक नई मजबूती मिलेगी। बता दें कि भारत ने अभी तक 100 करोड़ कोविड टीकाकरण करके एक रिकॉर्ड कायम किया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसको लेकर ट्वीट में लिखा है कि कोविड 19 के खिलाफ लड़ाई में भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई है। भारत बायोटेक की नाक के रास्ते दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन को डीसीजीआई की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने लिखा कि इसके बाद यह दवा भारत में 18 साल से ज्यादा के लोगों को इमरजेंसी की हालत में दी जा सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि नाक से दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन के आने के बाद भारत कोरोना महामारी से और बेहतर ढंग से मुकाबला कर पाएगा। डॉ. मंडाविया ने लिखा कि भारत ने भारत ने पीएम मोदी के नेतृत्व में कोविड 19 से लड़ाई के खिलाफ विज्ञान, शोध और अपने संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल किया। इस वैज्ञानिक अप्रोच और सबके प्रयास से भारत कोरोना को पूरी तरह से हराने में कामयाब होगा।

भारत जोड़ो' और 'कांग्रेस जोड़ो' दोनों ही लक्ष्य हासिल कर सकती हैं कांग्रेस : शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद शशि थरूर ने कहा कि कांग्रेस की यात्रा पूरे देश में कांग्रेस से जुड़े लोगों तथा अन्य को एकजुट कर सकती है, इसकारण इससे 'भारत जोड़ो' और 'कांग्रेस जोड़ो' दोनों ही लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात सितंबर से 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू करने जा रहे हैं। यह यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेगी और लगभग 150 दिनों की पदयात्रा में 3,570 किलोमीटर की दूरी तय होगी। थरूर ने भारत जोड़ो यात्रा के एक दिन पहले कहा इस यात्रा का मकसद यह संदेश देना भी है कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो भारत को जोड़कर रख सकती है और अगर जनता तक यह संदेश भली भांति पहुंच गया, तब इससे पार्टी में भी फिर से जान आ जाएगी। थरूर के कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई के कई नेता कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले हैं, जिससे निर्वाचकों को व्यापक विकल्प मिलने वाले हैं। हालांकि थरूर ने खुद चुनाव लड़ने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

असम में आतंकी गतिविधियों के शक में लोगों ने ही तोड़ दिया मदरसा

गुवाहाटी। असम में एक मदरसे में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के शक में स्?थानीय लोगों ने मदसे को तोड़ दिया। असम में यह इस तरीके की पहली घटना है। यह मदरसा असम के गोलपारा में स्थित था। वहीं पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, गोलपारा में स्थित मदरसे को लेकर लोगों को शक था कि यह मदरसा आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा था। अंसारुल्ला बांग्ला टीम, जोकि अलकायदा आतंकी संगठन का स्थानीय आउटफिट है, लोगों को शक था कि आतंकी संगठन की गतिविधियां इसी मदरसे में चल रही थीं। इस मदरसे को तोड़ने में कोई भी पुलिस फोर्स या फिर सरकारी संसाधन का इस्तेमाल नहीं किया गया। पुलिस के मुताबिक, मदरसे के अलावा स्थानीय लोगों द्वारा पास के एक घर को भी तोड़ा गया है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिनों पहले अल कायदा की असम शाखा एबीटी यानी अंसारुल्ला बांग्ला टीम के दो सदस्यों को यहां से गिरफ्तार किया गया था।

शेख हसीना और पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक, 7 समझौतों पर हस्ताक्षर

बांग्लादेश विकास में भारत का सबसे बड़ा भागीदार

नई दिल्ली। बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना और पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों ने 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, पिछले साल हमारे द्वारा बांग्लादेश की आजादी के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया था। हमने पहला मैत्री दिवस भी मनाया। भारत-बांग्लादेश संबंध आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छूएंगे। आज, बांग्लादेश विकास में भारत का सबसे बड़ा भागीदार है और इस क्षेत्र में हमारा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार भी है। दोनों देशों के लोगों के बीच सहयोग में निरंतर सुधार हो रहा है। दोनों देशों के बीच व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। हम लोगों ने आईटी, अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। पावर ट्रांसमिशन लाइनों पर भारत और बांग्लादेश के बीच भी बातचीत चल रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए अपना सहयोग बढ़ाया है। हम बांग्लादेश के साथ बाढ़ के संबंध में रीयल टाइम डेटा साझा करते रहे हैं और आतंकवाद पर भी चर्चा की है। यह जरूरी है कि हम एक साथ उन ताकतों का सामना करें जो हमारे खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि 54 नदियां भारत-बांग्लादेश सीमा से होकर बहती हैं और दोनों

देशों के लोगों की आजीविका से जुड़ी हैं। आज, भारत और बांग्लादेश ने कुशियारा नदी के जल-बंटवारे के संबंध में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किया है। पिछले कुछ वर्षों में हमारा आपसी सहयोग बढ़ा है। बांग्लादेशी प्रधान मंत्री हसीना और मैंने विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हमें कोविड महामारी और हाल की वैश्विक घटनाओं से सबक लेने और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। इस मौके पर बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने कहा, मैं इस मौके पर भारत सरकार और अपने भारतीय मित्रों को आजादी का अमृत महोत्सव के सफल समापन पर बधाई देना चाहती हूं, जो भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए वर्ष भर चलने वाला उत्सव है।

दोनों देशों के बीच साइन हुए ये 7 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

1. ऊपरी सूरमा कृशियारा परियोजना, सिलहट वाया रहीमपुर के तहत बांग्लादेश द्वारा कुशियारा नदी से 153 क्यूसेक पानी की निकासी पर समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप।
2. भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सीएसआईआर, और बांग्लादेश वैज्ञानिक औद्योगिक अनुसंधान परिषद-बीसीएसआईआर के बीच वैज्ञानिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
3. भारत के राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल और बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
4. भारतीय रेलवे के प्रशिक्षण संस्थानों में बांग्लादेश रेलवे के कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए रेल मंत्रालय, भारत और बांग्लादेश रेलवे के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
5. बांग्लादेश रेलवे के लिए आईटी समाधान में सहयोग के लिए रेल मंत्रालय, भारत और बांग्लादेश रेलवे के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
6. प्रसार भारती और बांग्लादेश टेलीविजन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
7. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारत और बांग्लादेश की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

शेख हसीना की भारत यात्रा से पाक को लगी मिर्ची, एलओसी पर की गोलीबारी, बीएसएफ ने की जबावी कार्रवाई

नई दिल्ली। पड़ोसी देश बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा से पाकिस्तान को मिर्ची लग गई है। बौखलाए पाकिस्तानी रेंजर्स ने मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के अरनिया सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर गोलीबारी की। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने बताया कि बीएसएफ ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। बीएसएफ प्रवक्ता की ओर से जारी एक बयान में कहा गया ह, आज सुबह बीएसएफ जवानों ने अरनिया सेक्टर में गश्ती दल पर पाक रेंजरों की गोलीबारी का करारा जवाब दिया है। भारत और पाकिस्तान 24 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में सीमा पार से गोलीबारी से संबंधित सभी समझौतों का सख्ती से पालन करने को लेकर सहमत हुए थे। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा गोलीबारी की कोई घटनाएं नहीं हुई हैं। लेकिन मंगलवार को पाकिस्तान के द्वारा इस समझौते को तोड़ा गया। सीमा पर यह घटना ऐसे दिन में हुई है जब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत दौरे पर हैं। एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि एलओसी (नियंत्रण रेखा) और आईबी (अंतरराष्ट्रीय सीमा) पर पाकिस्तान द्वारा अकारण गोलीबारी और संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं के दौरान भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा तत्काल और प्रभावी जवाबी कार्रवाई की जाती है।

अल्लू अर्जुन ने बेटी के साथ की गणपति बप्पा की विदाई

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन अपनी संस्कृति को बहुत महत्व देते हैं। उनकी पर्सनल लाइफ हो या फिर प्रोफेशनल वह हमेशा ही अपनी संस्कृति का ध्यान रखते हैं। गणेश

चतुर्थी के मौके पर 'पुष्पा' स्टार ने अपने ऑफिस में बप्पा की मूर्ति की स्थापना की और इसे अपनी टीम के साथ ग्रांड तरीके से सेलिब्रेट किया। अल्लू अर्जुन ने अब बेटी अरहा के साथ बप्पा को विदाई दी है और वह काफी इन्जॉय करते हुए दिखे। अल्लू अर्जुन ने सेलिब्रेशन का वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जमीन से जुड़े एक्टर को वीडियो में देखा जा सकता है कि वो पहले बेटी के साथ बप्पा को विदाई देते हैं और फिर सड़क पर ही नारियल तोड़ते हैं। इस दौरान उनकी बेटी के चेहरे पर खुशी की चमक देखने के लिए मिलती है। एक्टर बेटी के साथ काफी इन्जॉय करते दिखाई देते हैं। इस दौरान दोनों की बहुत खुश दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर साफ लग रहा है कि वह इस त्योहार को सड़क पर सेलिब्रेट करने से भी बिल्कुल नहीं हिचकते।

शक्तिशाली भूकंप के झटको से कांपा चीन, 46 लोगों की मौत

-दक्षिण कोरिया में टाइफून का कोहराम, 20 हजार घरों में हुआ पावर कट

नई दिल्ली। चीन का सिचुआन प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप ने हड़कंप मचा दिया। भूकंप में अब तक 46 लोगों

के मरने की खबर है जबकि 50,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। भूकंप से बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान भी हुआ है। भूकंप का केंद्र चीन के सिचुआन प्रांत का लुडिंग रहा। सिचुआन प्रांत के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर वांग फेंग ने कहा कि सोमवार रात से 16 लोग लापता बताए जा रहे हैं जबकि 50 लोग घायल हैं। प्रशासन ने बचाव और राहत कार्यों के लिए 6,500 से अधिक बचावकर्मियों को तैनात किया है, जो चौबीसों घंटे काम में जुटे रहेंगे। बचावकर्मी रातभर राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम देते रहे। मलबे में दबे घायलों को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। भूकंप की वजह से जमीन धंसने से कुछ सड़कें और आसपास के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

दिल्ली से लेकर मुंबई तक शराब कारोबारियों के 30 से अधिक ठिकानों पर ईडी अफसरों ने मारे छापे

शराब घोटाले में अब ईडी का हुआ प्रवेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर चल रही सीबीआई जांच के बीच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी एंट्री हो गई है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों के 30 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी शुरू की है। अब तक मिली प्रारंभिक सूचनाओं में बताया गया है कि दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद में कई शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के अफसरों ने तलाशी शुरू की है।

शराब घोटाले में पहली बार ईडी ऐक्शन में आई है। इससे पहले सीबीआई इसकी जांच कर रही थी। सीबीआई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर भी छापेमारी कर चुकी है। सीबीआई ने सिसोदिया के लॉकर की भी तलाशी ली थी। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया समेत एक दर्जन से अधिक लोगों और कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सीबीआई की एफआईआर को ईडी ने टेकओवर कर लिया है।

ईडी दिल्ली के जोरबाग इलाके में शराब कारोबारी और घोटाले में आरोपी समीर महेंद्रू के घर भी पहुंची है। बताया जाता है कि एक टीम घर के एक सदस्य को लेकर किसी दूसरे ठिकाने पर भी गई है। समीर महेंद्रू का नाम सीबीआई के एफआईआर में दर्ज है। आरोप है कि इन्हीं से जुड़े खाते से एक करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे। ईडी की छापेमारी ऐसे समय पर हो रही है जब एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक शराब कारोबारी के पिता का कथित स्टिंग ऑपरेशन जारी किया है। भाजपा ने दावा किया है कि कारोबारी के पिता वीडियो में यह स्वीकार कर रहे हैं कि आप सरकार नई शराब नीति के तहत कमीशन लेती थी और कारोबारियों को मनमर्जी करने की छूट देती थी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के राष्ट्रपति से की मुलाकात

उलानबटोर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख सहित देश के उच्च नेतृत्व के साथ मंगलवार को मुलाकात कर दोनों देशों के बहुआयामी रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। राजनाथ मंगोलिया तथा जापान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इस यात्रा का मकसद क्षेत्रीय सुरक्षा के हालात और वैश्विक भू-राजनीति में उथलपुथल के बीच दोनों देशों के साथ भारत के रणनीतिक व रक्षा संबंधों का विस्तार करना है। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा इस पूर्वी एशियाई देश की पहली यात्रा होगी।

सिंह ने ट्वीट किया, मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख से उलानबटोर में मुलाकात बेहतरीन रही। 2018 में उनके साथ जब मुलाकात हुई

थी, तब वह देश के प्रधानमंत्री थे। हम मंगोलिया के साथ अपनी बहुआयामी सामरिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने अन्य ट्वीट में कहा, मंगोलिया के स्टेट ग्रेट खुराल (संसद) के अध्यक्ष जी. जानदनशतार के साथ बातचीत कर अच्छा लगा। बौद्ध धर्म की हमारी साझा विरासत को बढ़ावा देने और उसका विस्तार करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की मैं सराहना करता हूं।''

इसके पहले रक्षामंत्री ने मंगोलिया के रक्षा मंत्री सैखानबयार से भी मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने ट्वीट किया था, '' मंगोलिया के रक्षा मंत्री सैखानबयार के साथ आज रचनात्मक बातचीत की। हमने भारत-मंगोलिया रक्षा सहयोग को और गति देने पर गहन विचार-विमर्श किया। उलानबटोर में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मंगोलिया की पहली यात्रा के दौरान उन्हें सलामी गारद दिया गया। रक्षा सहयोग को बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए मंगोलिया के रक्षा मंत्री जनरल सैखानबयार के साथ उन्होंने व्यापक स्तर पर चर्चा की।''

तीन दशकों के बाद बेंगलुरु में हुई भीषण बारिश, बाढ़ आपदा से निपटने 300 करोड़ की राशि जारी

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हालही में मूसलाधार वर्षा ने कोहराम मचाया जिसके चलते बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए है। भारी बारिश का क्रम अभी भी थमा नहीं है, जिससे कई क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। इस बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को बेंगलुरु में बाढ़ से निपटने के लिए 300 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की है। खबरों के अनुसार घोषणा रात में हुई, जब मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्य में बाढ़ की स्थिति और इससे हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि जारी किए गए पैसे का इस्तेमाल सड़कों,

बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और स्कूलों जैसे बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बेंगलुरु में बाढ़ के पानी के निकासी के लिए नाली निर्माण के लिए कुल 1,500 करोड़ रुपए अलग रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि रुका पानी कम होने के बाद काम शुरू हो जाएगा। बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक और कंपनी को पूरी तरह से बेंगलुरु के लिए बनाने का फैसला किया है। वहीं राज्य में मूसलाधार बारिश से प्रभावित इलाकों के लिए नावों और अन्य उपकरणों के लिए 9.50 करोड़ रुपए जारी किए जा रहे हैं। सीएम ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में राज्य स्तर पर एसडीआरएफ की दो और कंपनियां स्थापित की जाएंगी। बोम्मई ने कहा कि 1 से 5 सितंबर के बीच बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में सामान्य से 150 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। जबकि अन्य क्षेत्रों जैसे महादेवपुरा, बोम्मनहल्ली और केआर पुरम में सामान्य से 307 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

कार में आगे और पीछे बैठने वालों दोनों को सीट बेल्ट पहनने की जरूरत : गडकरी

केंद्रीय मंत्री ने सुनाया 4 मुख्यमंत्रियों से जुड़ा किस्सा

नई दिल्ली।

देश में लगातार बढ़ते भीषण सड़क हादसों को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई और कहा कि सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए आम आदमी की मानसिकता को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'लोगों को लगता है कि पीछे बैठने वालों को सीट बेल्ट की जरूरत नहीं है। यह समस्या है। मैं किसी दुर्घटना पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। लेकिन आगे और पीछे बैठने वालों दोनों को सीट बेल्ट पहनने की जरूरत है।' वह आईएए के वैश्विक शिखर सम्मेलन 'नेशन एस ब्रांड' को संबोधित कर रहे थे। नितिन गडकरी ने कहा, 'आम लोगों की कारों को भूल जाओ, मैंने 4 मुख्यमंत्रियों की कारों में यात्रा की थी, मुझसे नाम मत पूछो। मैं आगे की सीट पर बैठा था और मैंने पाया कि एक क्लिप लगी हुई थी (सीट बेल्ट को फंसाने वाले पोर्ट में),

ताकि सीट बेल्ट नहीं लगी होने पर गाड़ी का इंडिकेटर आवाज न करे। मैंने चारों मुख्यमंत्रियों के ड्राइवरों से पूछा कि सीट बेल्ट कहां है, और यह सुनिश्चित किया कि कार चलने से पहले मैं सीट बेल्ट पहनूं। अब मैंने ऐसी क्लिप के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बॉलीवुड सितारों, क्रिकेटरों और मीडिया की मदद ले रहा है।'

नितिन गडकरी की यह टिप्पणी टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की रविवार को एक कार दुर्घटना में मौत के बाद आई है। पुलिस जांच में पता चला कि साइरस मिस्त्री कार की पिछली सीट पर बैठे थे और उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी हुई थी। कार ओवरस्पीड थी और मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर सूर्या नदी पर बने पुल के डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'साइरस मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के लिए एक बड़ा झटका है। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। हमारी समस्या यह है कि हमारे देश में हर साल 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं और 1.50 लाख मौतें होती हैं। इन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में 65फीसदी 18 से 34 वर्ष की आयु के युवा और वयस्क होते हैं।'

न्यूज़ ट्रैक....

एकदिवसीय क्रिकेट की लोकप्रियता घट रही : मैकग्रा

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट उनके लिए सबसे ऊपर है। मैकग्रा ने कहा कि टेस्ट की तरह ही एकदिवसीय क्रिकेट की लोकप्रियता भी कम हो रही है जिससे बनाये रखना क्रिकेट अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मैकग्रा के अनुसार क्रिकेटर की असली परीक्षा टेस्ट क्रिकेट में ही होती है। मैकग्रा ने कहा, मैं परंपरा में विश्वास रखने वाला व्यक्ति हूं और मुझे टेस्ट क्रिकेट और एकदिवसीय क्रिकेट से प्यार रहा है। टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए सबसे अहम है। मैं उम्मीद करता हूं हम इसका सम्मान करेंगे। जहां तक एकदिवसीय क्रिकेट का सवाल है, यह तब तक रोमांचक रहता है जब तक लोग रन बनाते हैं। एकदिवसीय का भविष्य कैसा होगा यह समय आने पर पता चलेगा। इसे रोमांचक रखना एक हमारे लिए चुनौतीपूर्ण बात है। मैकग्रा का मानना है कि अगर किसी एक प्रारूप में खेलना हो तो आजकल के युवा क्रिकेटर एकदिवसीय क्रिकेट की जगह टी20 क्रिकेट ही खेलना चाहेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप देखें तो कुछ समय से कई देश एकदिवसीय और टी20 में अलग टीमें रखने लगी हैं। टी20 क्रिकेट में पैसा भी अधिक है।

केएससीए ट्रॉफी से कर्नाटक की युवा प्रतिभाओं को लाभ होगा : पडिक्कल

बेंगलुरु । युवा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि आगामी महाराजा केएससीए ट्रॉफी से कर्नाटक के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अवसर मिलेगा। पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक में काफी प्रतिभाएं है और मैंने बड़े होने के दौरान ज्यादातर खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैंने राज्य के कई हिस्सों से खिलाडि?ों को आते देखा है। वह बेंगलुरु के खिलाड़ियों से कम प्रतिभाशाली नहीं हैं। पडिक्कल ने साथ ही कहा कि कर्नाटक के युवाओं को निश्चित रूप से अवसर दिए जाने की आवश्यकता है और मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट वह अवसर प्रदान करेगा। पडिक्कल ने कहा कि मैदान पर मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। केपीएल भी मेरे लिए सही समय पर आया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल सकता हूं। मैं उस समय अच्छा खेल रहा था।पडिक्कल ने कहा कि जब मैं अंडर-16 में खेल रहा था, तब चयन और टीम के लिए खेलने के लिए चुने जाने के मामले में मेरी मानसिकता बदल गई और अगर मुझे नहीं चुना गया तो इसने मुझे कभी परेशान नहीं किया।

पेरिस ओलंपिक में जीत हासिल करना चाहती है यह जूडो खिलाड़ी

साराजेवो । मणिपुर की जूडो खिलाड़ी लिंथोई चानाम्बाम की नजरें आगामी पेरिस ओलंपिक सहित बड़े टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने पर लगी हैं। 16 साल की चानाम्बाम ने साराजेवो में विश्व कैडेट जूडो चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इस जीत के बाद से ही वह उत्साह से भरी हैं। चानाम्बाम इस टूर्नामेंट के किसी भी आयु वर्ग में पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी हैं। इस खिलाड़ी ने ब्राजील की बियांका रेस को पीछे छोड़ते हुए महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, ''यह शानदार अहसास है। ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने दिल से सबकुछ किया और परिणाम आपके सामने है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने 2014 से जूडो शुरू किया था और अक्टूबर 2017 में मैं बेल्लारी में इंस्पायर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में आयी।

भारतीय टीम सुपर-फोर में श्रीलंका के खिलाफ हर हाल में जीत के इरादे से उतरी

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को सुपर-फोर के अपनी दूसरे मैच में श्रीलंका का सामना करेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर एशिया कप के फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना रहेगा। इस मैच में हार भारतीय टीम की संभावनाएं समाप्त कर देगी। सुपर-फोर के पहले मैच में भारतीय टीम को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए इस दूसरे मुकाबले में उतरते समय उसपर दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम ने अपने सुपर फोर के पहले मैच में अफगानिस्तान को हराया था। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। इस मुकाबले में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी। अब तक देखा गया है कि श्रीलंकाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए सफल रही है। उसने इस टूर्नामेंट में अबतक बांग्लादेश के खिलाफ 184 और अफगानिस्तान के खिलाफ 176 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था।

भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ की गयी गलतियों से बचना होगा। पाक के खिलाफ मुकाबले में भारत ने अच्छी शुरुआत के बाद भी लगातार विकेट गंवाये जिससे वह बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद गेंदबाजी भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहने और क्षेत्ररक्षण कमजोर होने से भारतीय टीम के हाथों से मैच निकल गया।

अब भारत को फाइनल में पहुंचने श्रीलंका पर अच्छे अंतर से जीत हासिल करनी होगी क्योंकि अंक बराबर रहने पर जीत का अंतर भी अहम होगा। भारतीय टीम को इन गलतियां से बचना होगा। पाक के खिलाफ भारतीय टीम को रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई थी पर लगातार बड़े शॉट लगाने के प्रयास में वह अपना विकेट खो बैठे। इसके बाद लोकेश राहुल भी आउट हो गये। सूर्यकुमार यादव ने भी आते ही शॉट लगाने शुरु कर दिये पर वह भी इसी प्रयास में बाउंड्री पर कैच हो गये। ऋषभ पंत ने भी इसी सिलसिले को आगे बढ़ाया और अपना विकेट स्वीप शॉट खेलने में गंवा दिया। ऐसे में भारतीय टीम वैसा स्कोर नहीं बना पायी जो शुरुआत को देखकर सोचा गया था। अब श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम को इस प्रकार की गलतियों से बचना होगा।

पाक के खिलाफ मैच में भारतीय टीम रवींद्र जडेजा के बिना उतरी भी। जडेजा चोटिल होने के कारण एशिया कप से बाहर हो गये हैं। उसका भी नुकसान टीम को हुआ। इस कारण अंतिम ग्यारह में भी बदलाव करना पड़ा। पाक के खिलाफ दिनेश कार्तिक को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी थी।

जडेजा की जगह पर स्पिनर अक्षर पटेल को अवसर मिल सकता है। जडेजा कसी हुई गेंदबाजी करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर रन भी बना लेते हैं।

भारतीय टीम ने पाक के खिलाफ दीपक हुडा को जगह दी थी पर उन्हें निचले क्रम पर भेजा जिसके कारण उनके पास करने को ज्यादा कुछ नहीं था। हुडा पहली ही गेंद से विपक्षी टीम पर प्रहार करते हैं। उनका हाल में फॉर्म भी अच्छा रहा है। ऐसे में उन्हें ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता था। इसके अलावा गेंदबाजी में भी उन्हें अवसर नहीं दिया।

जब हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल और दूसरे गेंदबाज विकेट नहीं ले पा रहे थे, तब ऑफ स्पिनर हुडा को गेंद मिली होती तो बाएं हाथ के बल्लेबाज मोहम्मद नवाज के लिए उन्हें खेलना मुश्किल हो जाता। वहीं दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम भी इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पिछले मैच में जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।

राज्य रैंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा : अनुषा कुटुम्बले व पंकज विश्वकर्मा चैम्पियन बने

भोपाल/इन्दौर । मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में भोपाल जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित दूसरी राज्य रेंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा का महिला एकल का खिताब अनुषा कुटुम्बले ने जीता, वहीं पुरूष एकल का खिताब जीतकर पंकज विश्वकर्मा चैम्पियन बने। इनके साथ ही विभिन्न आयु वर्गों में अंश गोयल, पूर्वांशी कोटिया, रिदम गढ़ा, भव्या राव, पवी परदेशी, मृदुल जोशी, वंश चौहान तथा जाकिया अपने-अपने वर्गों में विजेता बने। भोपाल के टी.टी नगर स्टेडियम में खेली गई स्पर्धा में विभिन्न जिलों के 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरूष एकल के खिताबी मुकाबलों में इन्दौर के पंकज विश्वकर्मा ने इन्दौर के ही रोहन जोशी को 4-2 से तथा महिला एकल में अनुषा कुटुम्बले (इन्दौर) ने खुशी जैन (इन्दौर) को 4-0 से मात दी।

रिदम गढ़ा व भाव्या राव को दोहरी सफलता : इन्दौर के रिदम गढ़ा तथा भव्या राव ने दोहरी सफलता अर्जित की। रिदम ने बालक अंडर-17 में अनुज सोनी को 3-1 से तथा अंडर-15 में आराध्य वेद को 3-0 से शिकस्त दी। भव्या ने अंडर-17 में सौम्या को 3-0 से तथा अंडर-13 में रीत इंगले को भी 3-0 से पराजित किया। बालक वर्ग के अंडर-19 वर्ग में अंश गोयल ने अनुज सोनी को 3-1 से, अंडर-13 में मृदुल जोशी ने प्रज्जवल यादव को 3-1 से तथा अंडर-11 में वंश चौहान ने मृदुल जोशी को 3-0 से पराजय सहने के लिये बाध्य किया। बालिका वर्ग के अंडर-19 में पूर्वांशी कोटिया ने अद्विका अग्रवाल को 3-1 से, अंडर-15 में पवी परदेशी ने भाग्यश्री दवे को 3-2 से तथा अंडर-11 में जाकिया ने सागर की माही राजपूत को 3-0 से हराकर खिताब जीते। स्पर्धा पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव ने की। इस अवसर पर अमित सिन्हा (असिस्टेंट कमिश्नर आयकर), इन्दौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद, भोपाल जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव साबिर अली, जिला खेज अधिकारी प्रदीप अस्थैया, गौरव पटेल, संजय मिश्रा तथा व्हाय.एस.चैहान विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रो लीग से पहले कमजोरियां दूर करेंगे : सुरेंदर

बेंगलुरू । भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंदर कुमार ने कहा है कि टीम एफआईएच प्रो लीग से पहले अपनी कमजोरियों को दूर कर लेगी। भारतीय टीम अभी अगले माह भुवनेश्वर में होने वाली प्रो लीग की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीम को बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में हार का सामना करना पड़ा था।

सुरेंदर ने कहा कि टीम ने बर्मिंघम खेलों में अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद भी उसे फाइनल में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में अपनी रणनीति पर भी अमल नहीं कर पाये , इस कारण टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब इस शिविर में हम उन गलतियों को सुधारने पर ध्यान देंगे। इसके लिए पिछले मैचों की रिकार्डिंग देखेंगे।

भारतीय टीम प्रो लीग में न्यूजीलैंड और स्पेन से भी खेलेगी। उन्होंने कहा , एफआईएच प्रो लीग 2022-23 से पहले टीम को इन समस्याओं को दूर करना होगा। साथ ही कहा कि हमें न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ मैचों पर ध्यान देना करना होगा। इसके साथ ही अपनी गलतियों से सबक लेकर उन्हें ठीक भी करना होगा।

पंजाब किंग्स ने बेलिस को बनाया कोच

मुम्बई । पंजाब किंग्स ने साल 2023 आईपीएल सत्र के लिए इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को अपना मुख्य कोच बनाया है। बेलिस इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के कोच भी रहे थे। इनकी कोचिंग में ही इंग्लैंड ने साल 2019 क्रिकेट विश्व कप जीता था। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के सहयोगी स्टाफ में भी रहे थे। बेलिस को पंजाब किंग्स ने अनिल कुंबले की जगह कोच बनाया है। कुंबले का अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया जाना पहले ही तय हो गया था क्योंकि उनके कोच रहते पंजाब किंग्स पिछले तीन सत्र से प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पा रही थी।

तुर्की में जूनियर मोटोक्रास विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेते हुए रायडर।

व्यापारन्यूज

शियोमी अगले हफ्ते 3 नए स्मार्टफोन लाने की तैयारी में

नईदिल्ली । वाइनीज कंपनी शियोमी अगले हफ्ते 3 नए स्मार्टफोन लाने की तैयारी में है। शियोमी आगामी 6 सितंबर को रेडमी 11 प्राइम 5जी, रेडमी 11 प्राइम और रेडमी ए1 लॉन्च करेगी।फोन की लॉन्चिंग दोपहर 12 बजे शुरू होगी, और उससे पहले ही फोन के कुछ फीचर्स का पता चला गया है.रेडमी 11प्राइम के संभावित फीचर्स- ये फोन मीडियाटेक हेलियो जी99 एसओसी के साथ आ सकता है। रेडमी 11प्राइम में 50 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया जा सकता है, और इसमें पावर के लिए 5,000 एमएएच की दमदार बैटरी भी दिए जाने की उम्मीद है।स्मार्टफोन के फ्रंट में वाटर-ड्रॉप स्टाइल नॉच भी दी गई है।फिलहाल फोन की कीमत को लेकर किसी तरह को कोई खुलासा नहीं हुआ है।फोन ऑफिशियल वेबसाइट के अलावा ई- कॉमर्स साइट अमेजान पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।इसके लिए एक माइक्रोसाइट भी लाइव हो गई है.फोन को लेकर ऑफिशियल वेबसाइट पर बताया गया है कि ये प्राइम डिज़ाइन के साथ आएगा।साथ ही इसको 5जी (प्राइम कनेक्टिविटी) दी जाएगी। कंफर्म हो गया है कि फोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 700 मिलेगा।इसके साथ ही एमआई.कॉम से ये भी मालूम हुआ है कि फोन में 50 मेगापिक्सल का कैमरा दिया जाएगा।पावर के लिए इस फोन में 5000एमएएच की बैटरी दी जाएगी।ये फोन कंपनी का एंट्री लेवल फोन होगा, जिसकी वजह से ये काफी बेसिक डिज़ाइन के साथ आ सकता है।फोन के फ्रंट में नॉच देखा जा सकता है।फोन के कलर को कंफर्म हुआ है कि ये ब्लैक, ग्रीन, और ब्लू कलर ऑप्शन के साथ पेश किया जाएगा।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आये उतार-चढ़ाव का असर घरेलू बाजार में भी पड़ा है हालांकि इसके बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी देश के चारों महानगरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 95.07 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई बढ़कर 88.74 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपये और डीजल 89.45 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

मुंबई । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में यह उछाल एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज आदि कंपनियों से मिले अच्छे संकेतों से आया है। सेंसेक्स में पॉवर ग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, मारुति, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस आदि कंपनियां के शेयर ऊपर आये जबकि दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, टेक महिंद्रा, विप्रो, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। निवेशकों ने आज सुबह से ही रिलायंसक के अलावा , एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, इंडसइंड

बैंक, पॉवरग्रिड और भारती एयरटेल जैसी कंपनियों के शेयर खरीदे। इससे इन कंपनियों के शेयर टॉप शीर्ष पर पहुंच गये। इनके स्टॉक में सुबह 1 फीसदी की बढ़त रही। वहीं दूसरी ओर जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का माहौल रहने से इसके शेयर गिरे हैं। इस प्रकार बीएसई सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ इन्हीं दो आईटीसी और नेस्टले में आज गिरावट दिख रही जबकि शेष 28 कंपनियों ने बढ़त बनाई है। इसके अलावा बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में भी 0.7 फीसदी की बढ़त रही है। शेयर बाजार में आज सुबह से ही पावर, रियल्टी, कैपिटल गुड्स और ऑटो सेक्टर के स्टॉक में तेजी दिख रही है। पेटीएम में भी सुबह से ही 1.5 फीसदी की बढ़त रही। वहीं अन्य एशियाई बाजारों में सियोल, तोक्यो और शंघाई के बाजार लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि हांगकांग में नुकसान के साथ कारोबार हो रहा था।

चौथे निवेश चक्र में 50 अरब डॉलर खर्च करेगी रिलायंस, आमदनी हो जाएगी दोगुनी :रिपोर्ट

नई दिल्ली । देश की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को अपने चौथे निवेश चक्र के तहत अगले तीन वर्षों में 50 अरब डॉलर खर्च करने से अपनी आमदनी को दोगुना करने में मदद मिलेगी। मार्गन स्टेनली ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। मॉर्गन स्टेनली ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि रिलायंस अगले इस सदी के चौथे निवेश चक्र में उसका लाभ 2027 तक दोगुना होने की संभावना है।

हालांकि, कंपनी के पिछले निवेश चक्रों से यह कई मायनों में अलग होगा और इसमें ऊर्जा संबंधी गतिरोध भी आ सकते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अगले तीन वर्षों में अपने रसायन, 5जी सेवा, खुदरा कारोबार और नवीन ऊर्जा कारोबार पर यह राशि खर्च करने की योजना बनाई है। नब्बे के दशक के अंत और नई सदी के शुरुआती वर्षों में रिलायंस ने अपने पहले निवेश चक्र में पेट्रोरसायन कारोबार पर खास ध्यान दिया था। इसके चार साल बाद शुरू हुए दूसरे निवेश चक्र में तेलशोधन और तेल एवं गैस क्षेत्रों के विकास पर जोर रहा। तीसरा निवेश चक्र पूरी तरह से दूरसंचार सेवा पर केंद्रित था। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, ''पिछले निवेश चक्रों ने शेयरधारक मूल्य सृजन में 60-70 अरब डॉलर का योगदान दिया है क्योंकि इस दौरान कंपनी ने अपने आय स्वरूप को अगले दशक के लिए नया आकार देने के लिए आक्रामक कदम उठाए हैं।'' रिपोर्ट कहती है कि रिलायंस अगले निवेश चक्र के लिए बेहतर स्थिति में है जिसमें तीन वर्षों के भीतर 50 अरब डॉलर और वर्ष 2027 तक 75 अरब डॉलर खर्च करने का प्रावधान होगा। इस भारी निवेश का एक-तिहाई हिस्सा ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा कारोबार के पास जाएगा जबकि दूरसंचार और खुदरा कारोबार को बाकी राशि मिलेगी। हालांकि, खुदरा, दूरसंचार और नवीन ऊर्जा में निवेश पर अगले दो साल के भीतर अधिक जोर रहने की संभावना है। दूरसंचार में 5जी नेटवर्क खड़ा करने पर निवेश किया जाएगा, जबकि नवीन ऊर्जा कारोबार में निवेश मुख्य रूप से सौर पैनल पर होगा। खुदरा कारोबार में कंपनी का मजबूत लॉजिस्टिक नेटवर्क तैयार करने के अलावा ई-कॉमर्स गतिविधियां बढ़ाने पर जोर रहने की संभावना है।

बढ़े दूध के दाम लोगों ने अपनी खपत में कटौती करनी शुरू कर दी

नई दिल्ली । देश की सबसे बड़ी दूध विक्रेता कोऑपरेटिव सोसाइटी ने अपने अमूल ब्रांड की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की हैं, इसके तत्काल बाद मदर डेयरी ने भी दूध की कीमतों में वृद्धि कर दिया। दाम बढ़ने का असर देश की एक तिहाई जनता पर हुआ, जिसने अपनी खपत में कटौती करनी शुरू कर दी है। सर्वे में सामने आया हैं, कि दूध के दाम बढ़ने के बाद हर तीन में से एक भारतीय ने या तो अपनी खपत घटा दी है अथवा दूसरे सस्ते विकल्पों की ओर मुड़ गए हैं। घरेलू उपयोगी वस्तुओं की कीमतें वैसे ही लगातार बढ़ रही हैं और पिछले महीने अमूल व मदर डेयरी ने अपने दूध के दाम भी बढ़ा दिए। इससे पहले मार्च में भी अमूल ने अपने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इस तरह, देखा जाए, तब महज 5 महीने के भीतर ही दूध के दाम 4 रुपये लीटर बढ़ चुके हैं। देश के 311 जिलों के करीब 21 हजार लोगों के बीच कराए सर्वे में साफ हुआ हैं कि उपभोक्ता बढ़ती महंगाई से पार पाने के लिए अपनी खपत घटाने के साथ अन्य तरह के विकल्प आजमा रहे हैं। सर्वे में 68 फीसदी ने कहा, वे समान ब्रांड के दूध की सामान मात्रा खरीदने के लिए अब ज्यादा भुगतान कर रहे हैं। इसके बाद खपत घटाने के अलावा कोई रास्ता नहीं दिख रहा। 6 फीसदी लोगों ने कहा, दाम बढ़ने के बाद अब हम सस्ते ब्रांड या लोकल दूध सप्लायर की ओर जा रहे हैं। 4 फीसदी लोगों ने सेम ब्रांड के अन्य सस्ते प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की बात कही। यानी अमूल का पहले फुल क्रीम दूध लेने वाला ग्राहक अब टोंड दूध से काम चला रहा है। पिछले माह दूध के दाम बढ़ाने के बाद अमूल ने बताया था कि दूध की इनपुट लागत में बढ़ोतरी हुई है और किसानों की लागत सालाना आधार पर 8-9 फीसदी बढ़ गई, जबकि मदर डेयरी ने भी अपने दूध उत्पादन की लागत 10-11 फीसदी बढ़ने का तर्क दिया है। कंपनी ने कहा, पिछले पांच महीने के भीतर ही दूध की उत्पादन लागत में दहाई अंकों का इजाफा हो गया है। लिहाजा मजबूरी में हमें अपनी कीमतें बढ़ानी पड़ रहीं।

कैंपा का अधिग्रहण के बाद अब एफएमसीजी ब्रांड्स को खरीदने की तैयारी में रिलायंस

नई दिल्ली । रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी सेक्टर पर पैनी नजर है। इतना ही नहीं रिलायंस की एफएमसीजी कंपनियों पर भी पैनी नजर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज कई एफएमसीजी ब्रांड्स को खरीदने की तैयारी कर रही है। दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के नियंत्रण वाला यह ग्रुप तेजी से बढ़ते एफएमसीजी सेक्टर में अपने विस्तार की योजना बना रहा है। हाल ही में रिलायंस ने दिल्ली स्थित प्योर ड्रिंक्स ग्रुप से 22 करोड़ रुपये में सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैंपा का अधिग्रहण किया था।

खबर हैं कि रिलायंस गार्डन नमकीन, लाहौरी जीरा, और बिंदू बेवरेजेज जैसे ब्रांड खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि रिलायंस की इन तीनों कंपनियों के साथ बातचीत एडवांस स्टेज में है। कंपनी की रणनीति इसी तरह के एफएमसीजी सेक्टर के अन्य ब्रांड्स का अधिग्रहण करने की है। रिपोर्ट के अनुसार, इन तीनों मामलों में रिलायंस इस समय डील के नियमों पर बातचीत कर रही है। हालांकि, रिलायंस बिंदू बेवरेजेज और लाहौरी

जीरा ने सवालों का जवाब नहीं दिया।

सेक्टर से जुड़े जानकारों ने कहा, प्रोसेस्ड फूड और कंज्यूमर फूड सेक्टर डबल डिजिट में ग्रोथ कर रहा है। इसकी वजह है कि भारत का लगातार विकास जारी है और भारतीयों का विवेकाधीन खर्च बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷कोई भी बड़ी कंपनी जिसकी कंज्यूमर सेक्टर में बड़े विस्तार की योजना है, उस अपने पोर्टफोलियो में प्राइवेट ब्रांड्स को शामिल करना होगा। उभरते हुए नए ब्रांड जिनके पास अच्छा उपभोक्ता आधार हो, वे बड़े प्लेयर्स के लिए आदर्श लक्ष्य बन जाते हैं।÷

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी 45वीं वार्षिक आम बैठक में घोषणा की थी कि उसकी सहायक कंपनी रिलायंस रिटेल एफएमसीजी कारोबार में प्रवेश कर रही है। रिलायंस रिटेल की निदेशक ईशा अंबानी ने अपने एफएमसीजी व्यवसाय की योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा था कि कंपनी इस साल अपना फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स एफएमसीजी कारोबार शुरू करेगी। उन्होंने कहा था, %मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इस साल हम अपने तेजी से बढ़ते उपभोक्ता वस्तुओं के कारोबार को लांच करने वाले हैं, इस व्यवसाय का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले, किफायती उत्पादों को विकसित करना और वितरित करना है, जो हर भारतीय की दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं।

दीपिका पादुकोण ने शुरु की फिल्म पठान की शूटिंग

कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन की पाबंदियों में मिली छूट के बाद कई फिल्मों की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हालात को काबू में देखते हुए मेकर्स अपनी फिल्मों की शूटिंग की योजना बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि दीपिका पादुकोण ने अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। दीपिका इस फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। शाहरुख फिल्म में लीड किरदार में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने मुंबई में शाहरुख के साथ पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने दीपिका की तस्वीरें शेयर करते हुए यह जानकारी दी है, जो पठान के सेट पर मौजूद था। शनिवार को दीपिका को फिल्म के सेट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया था। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका को चेन्नई एक्सप्रेस और ओम शांति ओम जैसी फिल्मों में साथ देखा गया है। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख और जॉन अब्राहम के बाद अब दीपिका ने भी बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान की शूटिंग शुरू कर दी है। हमारी पीढ़ी के बड़े सुपरस्टार्स को महामारी के बावजूद शूटिंग शुरू करते हुए देखना वाकई में आश्चर्यजनक है। यह इंडस्ट्री को मजबूत और सकारात्मक संदेश देता है। जब पठान जैसी बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, तो इंडस्ट्री को नई स्फूर्ति मिलती है। दीपिका इस शेड्यूल के खत्म होने तक शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि वह अगले 15-20 दिनों तक इस फिल्म की शूटिंग करेंगी। सूत्र ने बताया कि उन्हें फिल्म में दीपिका के रोल के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि दीपिका को एक अनोखे किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म में दीपिका को एक खुफिया एजेंट के किरदार में देखा जाएगा। अभिनेत्री को फिल्म में भरपूर एक्शन अवतार में देखा जा सकता है।

फिल्म में जॉन को खलनायक की भूमिका में देखा जाएगा। शाहरुख और जॉन के बीच जबरदस्त फाइट सीन देखने को मिलेगा। डिंपल कपाड़िया फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी। वहीं, फिल्म में सलमान खान को कैमियो की भूमिका में देखा जाएगा।

फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। उनके पति रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में दिखने वाले हैं। इसके अलावा दीपिका मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं। वह शकुन बत्रा की आगामी फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के साथ द इंटर्न की हिन्दी रीमेक में भी अभिनय करती दिखेंगी।

अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या किया: आकांक्षा पुरी

अभिनेत्री आकांक्षा पुरी और अभिनेता हिमांश कोहली अपने अगले म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए कश्मीर गए हुए हैं, जहां निर्देशक के कट कहे जाने के बाद भी आकांक्षा अपने को-स्टार को पुचकारते रहने से खुद को नहीं रोक पाईं। आकांक्षा ने कहा, आखिरकार किसी ने मुझे स्क्रीन पर रोमांस कराया और अगर कश्मीर में रोमांस नहीं किया तो क्या कि या। मुझे इतना मजा पहले कभी नहीं आया है। यहां ठंड का मौसम था, हवाएं चल रही थीं और आप अपने को-स्टार की बाहों में थे और क्या चाहिए। एक शॉट था, जिसमें कट कहे जाने के बाद भी मैं हिमांश को नहीं छोड़ रही थी क्योंकि मुझे उसे हग करने और पुचकारने में काफी मजा आ रहा था। हिंमाश को अपने अपोजिट पाकर मैं काफी खुश थी क्योंकि हम काफी अच्छे दोस्त हैं और हमारे बीच केमिस्ट्री काफी अच्छी है, जिसे बेशक आप पर्दे पर देख पाएंगे, जब गाना रिलीज हो जाएगा। मैं बिल्कुल उनके साथ दोबारा काम करना पसंद करूंगी। यह दूसरी बार है, जब आकांक्षा और हिमांश किसी प्रोजेक्ट में कास्ट हुए हैं और पहली बार ये दोनों एक-दूसरे के अपोजिट काम कर रहे हैं। यह गाना इस साल रिलीज होगा, जिसके शीर्षक पर अभी बात नहीं बनी है। टेलीविज़न इंडस्ट्री में आने से पहले वह एयर होस्टेस के रूप में काम कर चुकी हैं। पुरी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म एलेक्स पांडियन से की थी। जो कि साल 2013 में रिलीज हुई। आकांशा ने बॉलीवुड डेब्यू फिल्म कैलेंडर गर्ल्स से किया था जिसमे वह नंदिता मेनन का किरदार में नजर आई. वह श्रेय सिंघल की जहाँ तुम हो और ज्योतिका तंग्री की डॉसिंग डॉल म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुकी हैं.

काफी समय बाद म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने पिछले कई दशकों से लाखों दर्शकों के दिलों पर राज किया है। शाहरुख अपनी फिल्मों में इमोशन, एक्टिंग, रोमांस और एक्शन का भरपूर तड़का लगाने के लिए जाने जाते हैं। ये अलग बात है कि वह काफी समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि शाहरुख बहुत जल्द एक म्यूजिक वीडियो में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख काफी समय बाद एक म्यूजिक वीडियो में स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं। खबरों की मानें तो अभिनेता शाहरुख को हाल ही में एक स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया है। कहा जा रहा है कि वह यहां एक प्रमुख हेयर-कलर ब्रांड के लिए म्यूजिक वीडियो को शूट करने के लिए आए थे। अब शाहरुख को ब्रांड को प्रमोट करने के लिए एक अनोखे और जोशीले गाने पर थिरकते हुए देखा जाएगा। सूत्र की मानें तो म्यूजिक वीडियो के जरिए शाहरुख प्रशंसकों से उनकी तरह आत्मविश्वासी और आकर्षक बनने का आग्रह करते नजर आएंगे। हाल में शाहरुख ने ट्विटर पर ब्रह्मास्त्र का आयोजन किया था, जिसमें प्रशंसकों ने उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में कई सवाल पूछे थे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा था, मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुझे लगता है कि फिल्म रिलीज के शेड्यूल को थोड़ा धैर्य और समझदारी के साथ बनाना चाहिए। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो थी, जो 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी थी। इसमें शाहरुख के साथ जीशान अयूब, तिग्मांशु धूलिया, कैटरीना कैफ, अनुष्का शर्मा और सलमान खान जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म से शाहरुख दर्शकों पर विशेष प्रभाव छोड़ने में नाकामयाब हुए थे। समीक्षकों ने इसे औसत दर्जे की फिल्म का टैग दिया था। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह थ्रिलर फिल्में बनाने के लिए मशहूर राज एंड डीके की आगामी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। निर्देशक संजय लीला भंसाली ने भी शाहरुख के साथ इजहार नाम की एक रोमांटिक फिल्म बनाने की प्लानिंग की है।

रत्सासन की हिन्दी रीमेक का नाम होगा मिशन सिंड्रेला, अक्षय और रकुल प्रीत आएंगे नजर

अक्षय कुमार बॉलीवुड के मौजूदा दौर के सबसे व्यस्त अभिनेताओं की सूची में शामिल हैं। इस साल उनकी कई फिल्में रिलीज हो सकती हैं। हाल के दिनों में अक्षय रंजीत तिवारी की एक फिल्म को लेकर सुर्खियों में थे। खबर सामने आई थी कि यह तमिल क्लासिक रत्सासन की हिन्दी रीमेक होगी। अब जानकारी सामने आ रही है कि रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला रखा गया है। फिल्म में अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय अभिनीत रंजीत की रत्सासन की हिन्दी रीमेक का टाइटल मिशन सिंड्रेला निर्धारित किया गया है। एक सूत्र ने बताया, अक्षय की इस फिल्म का नाम मिशन सिंड्रेला है, जिसमें अक्षय एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे

हैं। मेकर्स फिल्म को यूनाइटेड किंगडम के कुछ लोकेशंस के साथ लंदन में शूट करने की योजना बना रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म में अक्षय बच्चों का अपहरण करने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए मिशन को अंजाम देते हुए नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिलहाल निर्माता ने अस्थायी रूप से इस प्रोजेक्ट को सिंड्रेला या मिशन सिंड्रेला नाम दिया है। इस फिल्म को जैकी भगनानी और वाशु भगनानी द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। अभी फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है।

अक्षय इससे पहले कई रीमेक फिल्मों के प्रोजेक्ट में काम कर चुके हैं। अक्षय ने कंचना की हिन्दी रीमेक लक्ष्मी में काम किया था, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। वह आने वाले दिनों में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएंगे, जो तमिल फिल्म जिगरथंडा की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस, कृति सेनन और बॉबी देओल अहम भूमिकाओं में दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन

फरहाद सामजी कर रहे हैं।

रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। फिल्म का निर्देशन राम कुमार ने किया है, जिसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट अमह भूमिका में दिखे हैं।

अक्षय की कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह पृथ्वीराज और रक्षाबंधन जैसी फिल्मों में भी दिखने वाले हैं। इसके अलावा वह फिल्म राम सेतु भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

जानिए नूडल्स खाना कितना खतरनाक हो सकता है

दिन में तीन बार भोजन करने के अलावा बहुत भूख लग रही है? आसान समाधान खोज रहे हैं? अगर ऐसा है तो कई लोग ऐसे भी हैं जो कम समय में पेट भरने का उपाय खोजने के लिए समय पर किचन नहीं जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग इंस्टेंट नूडल्स पसंद करते हैं। खासकर छात्रों से लेकर व्यस्त लोगों तक, इंस्टैंट नूडल्स का हर कोई फैन होता है। फिर से खाना बनाने की परेशानी से बचने के लिए कई लोग इस खाने का इस्तेमाल दिन-ब-दिन करते हैं। तो इस प्रकार के नूडल्स की लोकप्रियता अब अपने चरम पर है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन नूडल्स से पेट भरने में क्या नुकसान है? आप नहीं जानते होंगे ङ्क आप अनजाने में इन सभी खाद्य पदार्थों के लिए खतरा ला रहे हैं। न्यूट्रिशनिस्ट्स के मुताबिक, अगर उबला हुआ खाया भी जाए तो ये फूड किसी भी दूसरे जंक फूड से ज्यादा हानिकारक होते हैं। पोषण विशेषज्ञ कहते हैं कि इस प्रकार के भोजन का कोई पोषण मूल्य नहीं होता है। बल्कि इसमें मौजूद सिंथेटिक केमिकल्स शरीर की अतिरिक्त चर्बी को बढ़ा देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इंस्टेंट नूडल्स में सिंथेटिक एंटीऑक्सीडेंट टीबीएचक्यू होता है। जो शरीर में 0.02-0.03 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच जाए तो खतरनाक हो सकता है। यह लगभग 300 मिलीग्राम प्रति किलो होने की सिफारिश की जाती है। लेकिन नूडल्स में मात्रा इतनी अधिक होती है कि यह धीरे-धीरे लीवर की पुरानी बीमारी का कारण बनती है और पाचन प्रक्रिया को बाधित करती है। नूडल्स को पचने में काफी समय लगता है। तो पेट भारी लगता है। नतीजतन, कई लोग नूडल्स खाने, पाचन विकार और यहां तक कि उल्टी करने के बाद भी अपनी भूख खो देते हैं। हानिकारक मोनोसोडियम ग्लूटामेट की उपस्थिति के कारण, इस भोजन के अत्यधिक सेवन से लीवर की समस्याओं के अलावा विभिन्न तंत्रिका संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में हानिकारक कोलेस्ट्रॉल और मोटापा भी इन्हीं हानिकारक तत्वों के कारण होता है। इसलिए भूख मिटाने के लिए इंस्टेंट नूडल्स पर भरोसा करने से पहले सावधान हो जाएं।

बालों को सेट करने के अलावा इन कार्यों को भी आसान बना सकता है हेयर स्प्रे

आमतौर पर आपने हेयर स्प्रे का इस्तेमाल बालों को सेट करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कार्यों के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग-अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज हेयर स्प्रे से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

जाम चीजों को ठीक करने के लिए करें इस्तेमाल: अगर आपके किसी कपड़े में लगी चैन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको बस इतना करना है कि हेयर स्प्रे को कपड़े की जाम चैन पर अच्छे से छिड़के दें। इसके बाद चैन आराम से बंद और खुलने लगेगी। इसके अलावा अगर आपके घर के दरवाजे और खिड़कियां जाम हो गए हैं तो उन्हें ठीक करने के लिए भी हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

फूल और पौधों को मुरझाने से बचाएं: आमतौर पर लोग घर की सजावट के लिए फूल और पौधों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे जल्द ही मुरझा जाते हैं। ऐसे में हेयर स्प्रे के इस्तेमाल से इनका रंग-रूप बदला जा सकता है। दरअसल, हेयर स्प्रे के प्रभाव से फूलों और पौधों को हरा-भरा रखा जा सकता है, इसलिए जब भी आप घर को असली फूलों से सजाएं तो उन पर थोड़ी दूरी से हेयर स्प्रे का छिड़काव करें।

लेदर के हैंडबैग को चमकाएं: जिस प्रकार जूतों को नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार लेदर से बने हैंडबैग आदि को भी नियमित अंतराल पर पॉलिश की जरूरत होती है और इसके लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा सा हेयर स्प्रे छिड़कें और इससे अपने लेदर के हैंडबैग की पॉलिश करें। यकीनन इससे आपके लैदर के हैंडबैग की चमक नई जैसी लगेगी।

दीवार से हटाएं इंक और मार्कर के निशान: अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको आए दिन घर की दीवारों से इंक और मार्कर के निशान साफ करने के लिए मेहनत करनी पड़ती होगी। आप चाहें तो इस काम को आसान बनाने के लिए हेयर स्प्रे की मदद ले सकते है। इसके लिए इंक या मार्कर के निशान वाली दीवार पर हेयर स्प्रे छिड़कें और फिर किसी मुलायम कपड़े से इसे धीरे-धीरे रगड़कर साफ कर दें। इससे निशान पूरी तरह से चले जाएंगे।

'भेड़िया' की शूटिंग आई नजदीक, वरुण धवन ने लंबे बालों को कहा गुडबाय

अभिनेता वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी आने वाली फिल्म 'भेड़िया' की शूटिंग खत्म होने वाली है, बस एक काम बचा हुआ है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह शीशे के सामने लंबे बाल और दाढ़ी के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने लिखा है, आखिरी दिन। अगले 24 घंटों में 'भेड़िया' के कुछ आखिरी मुख्य दृश्यों को फिल्माया जाएगा। चूंकि हमें फिल्म से जुड़े किसी भी दृश्य की तस्वीर को जारी करने की इजाजत नहीं दी गई इसलिए यह आखिरी बार है जब मैं आईने के सामने आया और कुछ समय के लिए रूककर कहा कि मेरे निर्देशक ने मुझमें जो कुछ बदलाव किए हैं, उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। यह एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कृति सेनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अप्रैल, 2022 में रिलीज होने वाली है।

ब्रह्माकुमारीज के मीडिया सम्मेलन में जय आध्यात्मिक की गूंज!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक ब्रह्माबाबा के विरुद्ध एक पत्रकार ने एक बार मानहानि कारक समाचार प्रकाशित कर दिया ,जिसे लेकर संस्था के सभी भाई बहन उस पत्रकार से नाराज़ हुए और पत्रकार को लेकर ब्रह्माबाबा के पास पहुंचे ।संस्था के भाई बहनों ने बाबा को उनके विरुद्ध छपे समाचार के बारे में बताया और साथ आए उस पत्रकार के विरुद्ध मुकदमा करने की अनुमति मांगी।ब्रह्माबाबा बोले,यह पत्रकार भी हमारा बच्चा हैं ।ओर एक बाप अपने बच्चे के विरुद्ध मुकदमा नही कर सकता।ब्रह्माबाबा के इस रूप को देखकर वह पत्रकार ब्रह्माबाबा के सामने नतमस्तक हो गया।ब्रह्माकुमारीज द्वारा माउंट आबू के शांतिवन में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में राजयोगी बीके मृत्युंजय भाई ने उक्त किस्सा सुनाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने जय जवान का नारा देश को दिया तो पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय किसान, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जय विज्ञान और ब्रह्माकुमारीज ने जय अध्यात्म का नारा देकर देश मे जवानों,किसानों, वैज्ञानिकों तथा आध्यात्मिकता को सम्रद्ध किया है।उन्होंने मीडियाकर्मियों से ईश्वरीय वाणी के रूप में मुरली पढ़ने और मुरली कही गई बातों को आत्मसात करने की बात कही।29 अगस्त से 2 सितंबर तक चले इस 5 दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में राजस्थान सरकार के मंत्री महेंद्र चौधरी ने ब्रह्माकुमारीज संस्था को स्वर्ग सी सुंदर बताते हुए संस्था के माध्यम से चारित्रिक उत्थान व विश्व शांति के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना की।दुनिया भर में एक मात्र इस आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के महत्व पर संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके ब्रजमोहन भाई ने प्रकाश डाला ।उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का रहस्य भी बताया और गीता के वास्तविक भगवान को लेकर चर्चा की।उन्होंने मीडियाकर्मियों से अपील की कि वे सकारात्मक सोच के तहत पत्रकारिता करेंगे तो अच्छी रिपोर्टिंग होगी।साथ ही काम का दबाव भी महसूस नही करेंगे और तनाव भी नही होगा। मीडिया सम्मेलन में देशभर से आए पत्रकारों ने संकल्प लिया कि वे यहाँ से जाकर अपनी लेखनी के माध्यम से सकारात्मक खबरों को बढ़ावा देंगे,क्योंकि पत्रकारिता में आध्यात्म के समावेश से ही समृद्ध भारत की तस्वीर बनेगी। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में समाधान परक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में %समाधान केंद्रित मीडिया- समय की मांग विषय पर भी खुलकर विमर्श हुआ। पत्रकारों ने संकल्प लिया कि वे अपने समाचार माध्यम से समाज में आशा जगाने वाली, सकारात्मक खबरों को प्रस्तुत करेंगे। इससे ही मीडिया समाज को मानसिक स्वास्थ्य परोस सकता है। दिल्ली से पधारे भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि समाज और जीवन को प्रभावित करने वाली जो भी गतिविधियां हमारे समाज में हैं, उसमें समाज को प्रभावित करने के लिए मीडिया एक महत्वपूर्ण माध्यम है। मीडिया समाज के लोग मंगल कार्य में बहुत प्रभावकारी है। जैसे डॉक्टर शरीर के स्वास्थ्य के लिए है, उसी प्रकार मीडिया मानसिक स्वास्थ्य समाज को दे सकता है। एयर इंडिया के ऑथर जितेंद्र भार्गव ने कहा कि देश के बाहर जो ऑर्गेनाइजेशन होते हैं वह हमारे देश को मीडिया के द्वारा नुकसान पहुंचा सकता हैं।

बेटी को अधिकार 'अंबानी' का नया संदेश!

सोनम लववंशी

बेटियां भी बेटों के बराबर हैं! अब ये सिर्फ कहने की बात नहीं रही, बल्कि ये सामाजिक बदलाव नजर भी आने लगा है। रिलायंस जैसे विशाल उद्योग घराने ने भी इसे आत्मसात करते हुए अपने कारोबार में बेटी ईशा को रिटेल कारोबार की बागडोर सौंप दी। रिलायंस की सालाना आम बैठक में मुकेश अंबानी ने इस बात को स्पष्ट भी कर दिया। उन्होंने बता दिया कि कारोबार की पूरी बागडोर अब सिर्फ बेटों के हाथ में ही नहीं दी जाती, बेटियां भी बराबरी की हिस्सेदार बनने लगी हैं! ईशा इतनी काबिल भी है कि वे इस उद्योग घराने के एक कारोबार को संभाल सके।

देश की सबसे अमीर शख्सियत मुकेश अंबानी ने अपनी विरासत का बंटवारा करने के साथ बेटी को दोनों बेटों के बराबर का माना वो एक नया सामाजिक संदेश समझा जा सकता है, जो उद्योग घराने से बाहर आया है। बड़े बेटे आकाश अंबानी को रिलायंस जियो की कमान सौंपते हुए उन्हें टेलीकॉम कंपनी का चेयरमैन बना दिया। अनंत अंबानी को ग्रीन एनर्जी का बिजनेस मिल सकता है। वहीं ईशा अंबानी को रिलायंस रिटेल का चेयरपर्सन बना दिया गया। आज ईशा अंबानी एक बड़ी सम्पति की हकदार जरूर है, पर कभी वे टीचर बनना चाहती थीं। वे पहली बार तब सुर्खियों में छाईं, जब वे 16 साल की उम्र में दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति उत्तराधिकारियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आई थीं।

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बेटी के अधिकार और सामाजिक बदलाव की जोरदार मिसाल पेश की। उन्होंने अपनी बेटी ईशा अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज का रिटेल कारोबार सौंप दिया। इस बहाने रिलायंस चेयरमैन ने अपनी उत्?तराधिकार योजना को साफ कर दिया। उन्होंने अपने तीनों बच्?चों के लिए रास्ता साफ कर दिया। इसमें सबसे अच्छा ये है कि भविष्य में किसी खींचतान की गुंजाइश नहीं है। इस विरासत में बेटी को भी बेटों जितना ही हक मिलेगा। सोमवार को रिलायंस की 45वीं एजीएम में रिलायंस के चेयरमैन ने ईशा का परिचय ग्रुप के रिटेल कारोबार की हेड के तौर पर करवाया। उन्होंने जिस अंदाज में ईशा का परिचय दिया, वह देश के करोड़ों के दिलों को प्रभावित कर गया। यह उनकी सिर्फ घोषणा नहीं, भविष्य के बदलते भारत का संकेत भी कहा जा सकता है। इससे पितृ सत?ता प्रधान समाज को यह इशारा भी मिला कि अब बेटियां कहीं से भी बेटों से कम नहीं हैं। मुकेश अंबानी ने स्पष्ट कर दिया कि उनके कारोबार के बंटवारे में बेटी ईशा का भी उतना ही अधिकार है, जितना उनके दो बेटों अनंत और आकाश का बनता है।

ईशा अंबानी को घर में %ईशू% नाम से पुकारा जाता है। वे अपने दो भाइयों में अकेली है। 2008 में %फोर्ब्स% ने अपनी लिस्ट में उन्हें सबसे कम उम्र की अरबपति उत्तराधिकारी के तौर पर दूसरे पायदान पर रखा था। अब पिता मुकेश अंबानी ने ग्रुप के रिटेल कारोबार की बागडोर बेटी के हाथ में सौंप दी। इसके पीछे मकसद यह नहीं कि ईशा मुकेश अंबानी की लाडली है, बल्कि यह उनकी काबिलियत भी है। ईशा पढ़ाई-लिखाई में भी अव?वल रही। वह कई साल पहले रिलायंस रिटेल और जियो के बोर्ड से जुड़ी गई थीं। 2015 में उन्हें एशिया की सबसे पावरफुल अपकमिंग बिजनेस वुमन का तमगा मिला था। वे बिजनेस की बारीकियों को समझती हैं। वे न्यूयॉर्क में मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मैकेंजी में बिजनेस एनालिस्ट के तौर पर भी काम कर चुकी हैं।

मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स?कूल से शुरुआती पढ़ाई के बाद ईशा ग्रेजुएशन के लिए येल यूनिवर्सिटी गई थीं। वहां साइकोलॉजी और साउथ एशियन स्टडीज से ग्रेजुएशन पूरा किया। फिर स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए किया। वह बहुत अच्छा पियानो बजाती हैं। 2014 में न्यूयॉर्क में उन्होंने बिजनेस एनालिस्ट के तौर पर काम किया। उसी साल अक्टूबर में रिलायंस रिटेल और जियो के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में उन्हें शामिल किया गया। 2015 में उन्हें आने वाले समय में एशिया की 12 सबसे शक्तिशाली कारोबारी महिलाओं में रखा गया। दिसंबर 2015 में जब जियो की 4जी सर्विसेज लॉन्च हुईं तो ईशा अंबानी ने ही इसका नेतृत्व किया था।

ईशा अंबानी ने रिलायंस की सालाना आमसभा बैठक में इंडस्ट्री के रिटेल कारोबार के मुखिया के तौर पर प्रेजेंटेशन दिया। एजीएम में मुकेश अंबानी ने ईशा का परिचय खुदरा कारोबार के मुखिया के तौर पर कराया तो वहां मौजूद इन्वेस्टर्स चौंके, पर साथ में उन्हें खुशी भी हुई कि बदलते भारत का संकेत यही है। मुकेश अंबानी ने ईशा को रिटेल बिजनेस के बारे में विस्तार से बोलने के लिए मंच पर भी बुलाया और ईशा को रिटेल बिजनेस का सर्वेसर्वा बताया। मुकेश अंबानी ने ईशा को रिटेल की कमान देने के साथ छोटे बेटे अनंत को एनर्जी बिजनेस की कमान सौंपी है। बड़े बेटे आकाश को ग्रुप की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो का प्रमुख पहले ही नामित किया जा चुका है। इस तरह पूरी उत्तराधिकार योजना स्पष्ट है।

ईशा अंबानी की नेटवर्थ %फोर्ब्स% के मुताबिक 2018 में ही करीब 550 करोड़ रुपए आंकी थी। जबकि, वे करीब 100 मिलियन डॉलर (800 करोड़) की दौलत है। साल 2015 में ईशा अंबानी ने मुंबई में 52.8 करोड़ रुपये में एक आलीशान घर खरीदा था, जिसमें वह अपने पति आनंद पिरामल के साथ रहती हैं। 2015 में ही उन्हें एशिया की 12 सबसे पावरफुल अपकमिंग बिजनेस वुमन की लिस्ट में जगह मिली थी। 2016 में फैशन पोर्टल आजियो लॉन्च करने का पूरा श्रेय ईशा को ही जाता है। मुकेश अंबानी ये भी बता चुके हैं कि टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो को लॉन्च करने के पीछे भी ईशा ही प्रेरणा थीं। वह अपने ब्रांडिंग और उपभोक्ता जुड़े कई फैसले लेने में आकाश अंबानी की मदद भी करती हैं। रिलायंस चेयरमैन ने जब अपने कारोबार की अगली पीढ़ी का परिचय दिया, तो उनकी आवाज में वो गर्व और सुकून था, जो कोई पिता अपने लायक बच्चों को अपनी विरासत सौंपते हुए करता है। उन्होंने एजीएम में कहा कि इन तीनों को समूह संस्थापक स्व धीरूभाई अंबानी की सोच विरासत में मिली है। वो पेशेवरों और अगुवाई लोगों की युवा टीम के बीच समकक्षों में पहले हैं। इन सभी को उनके और निदेशक मंडल के अन्य सदस्यों समेत तमाम वरिष्ठों का रोजाना मार्गदर्शन मिल रहा है। अंबानी यह भी बोले कि आकाश और ईशा ने जियो और रिटेल का नेतृत्व संभाला हुआ है। वहीं, अनंत भी पूरे मन से ?यू एनर्जी बिजनेस के साथ जुड़े हुए हैं। मुकेश अंबानी 65 साल के हैं। उनके तीन बच?चे हैं। ईशा और आकाश जुड़वां भाई-बहन हैं। वहीं, सबसे छोटे अनंत हैं। ईशा की शादी पीरामल समूह के आनंद पीरामल से हुई है। मुकेश अंबानी ने यह भी साफ कर दिया है कि वह अभी रिटायर नहीं होंगे। वह ग्रुप में पहले की तरह एक्टिव रहेंगे। इस एजीएम में सबकी नजरें अंबानी के उत्तराधिकारियों के नामों पर थी। इस बारे में उन्होंने पिछले साल दिसंबर में संकेत दिए थे। तब भी उन्होंने साफ कहा था कि तीनों बच?चे पहले ही ग्रुप की गैर-सूचीबद्ध कंपनियों में डायरेक्टर की भूमिका निभा रहे हैं।

निर्णय में बदलाव पर नजर

लोगों के व्यवहार व कार्यो से या तो तुम सहमत होते हो या असहमत। परंतु इतना सदैव याद रखो कि सब कुछ परिवर्तनशील है। इसीलिए किसी भी निर्णय पर अड़े मत रहो वरना तुम्हारी धारणाएं चट्टान की तरह ठोस हो जाती हैं और तुम्हें व औरों को दुःखी करती हैं। यदि निर्णय हवा के झोंकों की तरह हल्के हों तो वे सुगंध फैलाकर आगे बढ़ जाते हैं। वे दुर्गंध भी फैलाकर जा सकते हैं-परंतु उन्हें हमेशा वहीं नहीं रहना है। निर्णय इतने सूक्ष्म होते हैं कि तुम्हें उनके होने का आभास भी नहीं होता। किसी को निर्णायात्मक ठहराना या समझना भी एक निर्णय है। केवल जब तुम सत्ता के साथ होते हो, प्रेम और अनुकम्पा से पूर्ण, केवल तभी तुम निर्णयों से मुक्त हो सकते हो। पर यह संसार फैसलों के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। जब तक तुम अच्छे या बुरे का निर्णय नहीं ले लेते, तुम किसी कार्य को नहीं कर पाते। यदि कोई तुमसे दस बार झूठ कहे तो तुम सोचते हो अगली बार भी शायद वह झूठ ही कहेगा। निर्णय स्वतः ही हो जाता है। परंतु इस संभावना को सदा ध्यान में रखो कि व्यक्ति व वस्तु कभी भी बदल सकते हैं और अपने फैसलों पर अड़े मत रहो। हां, अपनी संगति पर तुम्हें निर्णय करना आवश्यक है। तुम्हारी संगत तुम्हें ऊपर उठा सकती है और नीचे भी खींच सकती है। जो संगत तुम्हें संदेह, निरुत्साह, शिकायत, प्रोध, भ्रम और कामना की तरफ नीचे खींचती हैं, वह कुसंगत है। जो संगति तुम्हें आनंद, उत्साह, सेवा, प्रेम, विश्वास और ज्ञान की तरफ ऊपर खींचती है, वह अच्छी संगत है। जब कोई शिकायत करता है, पहले तुम सुनते हो। फिर उसकी हां में हां मिलाते हो, फिर उसके साथ सहानुभूति दिखाते हो; फिर तुम भी शिकायत करने लगते हो। बस, याद रखो, अपने निर्णयों को पक्का मत होने दो।

कहो तो कह दूं । 'मेंढक' हुआ तो क्या हुआ 'खीर' खाने का दिल तो उसका भी करता होगा

चैतन्य भट्ट

संस्कारधानी के नाम से मशहूर जबलपुर के एक स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए जो मध्यान्ह भोजन सरकार की तरफ से दिया जाता है उसमें अचानक एक मेंढक जी उस दिन होने वाली ÷फीस÷ की खीर में कूद पड़े, जब बच्चों को खीर परोसी गयी तब तक मेंढक जी भरपूर खीर खाकर लगभग बेहोश हो गए थे, माल इतना ज्यादा खा लिया था कि हिलते डुलते तक नहीं बन रहा था और जब बच्चों को खीर दी गयी तो उसमें मेंढक जी दिखाई दे गए, बस क्या था बच्चों में भगदड़ मच गयी, स्कूल प्रशासन भी सकते में आ गया कि इधर बच्चों को हम लोग खीर पुजा नहीं पा रहे है और ये मेंढक जी मजे से खीर खाये पडे हैं ह्य खबर जैसे ही सामने आई अखुबारों में उन भाई साहेब की खबर और फोटो दोनों छप गयी और जैसा सरकारी विभाग में होता आया है जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी जैसे जुमले सरकारी अफसरों ने उछाल कर परमानेंट रूप से बने बनाये नोटिस की फोटो कॉपी उनको पकड़ा दी ह्य पूरे शहर में हह्ला मच गया एक स्कूल से दूसरे स्कूल तक खबर पंहुचती चली गयी कि कोई भी बच्चा खीर ना खाये, अब आप लोग ही बताओ ऊपर वाले ने दुनिया में बहुत सारे जीव बनाये हैं ठीक है मान लिया कि उनका भोजन दूसरा है लेकिन कभी कभी उनकी भी इच्छा होती होगी कि उन्हें भी कुछ अच्छा खासा मीठा खाने मिल जाए ह्य बेचारा वो मेंढक कब से उस स्कूल के आस पास घूम रहा होगा कि कब खीर आये और हम उस गंज में छलांग लगा कर खीर का स्वाद ले लें, अरे भाई मेंढक ही तो मिला था खीर के भीतर, कोई ÷हाथी÷ तो मिल नहीं गया था जिसको लेकर इतना बड़ा बवाल खड़ा कर दिया लोगों ने ह्य चीन और जापान में तो लोग बाग़ मेंढक, सांप, ऑक्टोपस, केकड़ा पता नहीं क्या क्या खा जाते है और अपने यंहा एक मेंढक को देखकर इतनी भगदड़ मच गयीह्य लोग बाग़ सही कहते है ये भारतीय होते ही हैं डरपोंक ह्य वैसे भी मध्यान्ह भोजन कैसा होता है ये तो उन बच्चों से पूछो जिनको खाना दिया जाता है और कोई ये पहली बार तो पनीर, शाही पनीर, मलाई कोफ्ता खाने की इच्छा बलवती हो जाती है वैसा ही उस मेंढक का मन भी हो गया होगा और यदि थोडी बहुत खीर उसने खा भी ली तो ऐसा क्या गुनाह हो गया उससे कि बेचारे की फोटो अखुबारों में छप गयी ह्य

हुआ नहीं है कि मध्यान्ह भोजन को कोई जीव जंतु मिल गया हो, कभी ÷छिपकली÷ मिलती है तो कभी ÷काक्रोच÷ जी उसके अंदर तैरते हुए मिल जाते हैं इस बार बारी मेंढक की थी ह्य जैसे इंसान को बीच बीच में घर का खाना छोड़कर होटल जाने का मन करता है मटर

सत्ता का नशा आप क्या जानो अन्ना जी

और दूसरी मांगों को लेकर अन्ना हजारे ने बड़ा आंदोलन किया था उसमें अपने दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी शामिल रहे, आंदोलन सफल रहा केजरीवाल जी ने पार्टी बना ली और देखते ही देखते दिल्ली की सत्ता पर काबिज हो गए , एक बार नहीं दो दो बार जनता ने उन्हें राज सिंहासन पर बैठा दिया, अब उनके राज में शराब के ठेकों को लेकर विवाद चल रहा है जिसको लेकर अन्ना हजारे ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी कि ÷आप पर सत्ता का नशा चढ़ गया है आंदोलन के समय जो जो बातें कही थीं उन तमाम बातों को आप भूल गए हो और सत्ता के नशे में इतने ज्यादा डूब गए हो कि कोई भी पुरानी बात आपको याद नहीं है ,अन्ना हजारे तो कभी सत्ता में रहे नहीं है तो उन्हें सत्ता के नशे का कोई एक्सपीरिएंस तो है नहीं, अब उन्हें कौन बताये कि हुजूर दुनिया में सत्ता से बड़ा नशा और कोई नहीं होता ह्य अफीम, हेरोइन, गांजा, भांग, शराब, शबाब एलएसडी, ड्रग ये तमाम नशे सत्ता के नशे के सामने पानी भरते हैं, जिसको एक बार सत्ता का नशा चढ़ जाता है उसे दीन दुनिया कुछ नहीं दिखाई देता, उसके सामने एक ही चित्र बना रहता है और वो है ÷कुर्सी÷ह्य अन्ना हजारे आप देख नहीं रहे हो क्या कि सत्ता के लिए लोग बाग़ अपना ईमानधरम, नैतिकता, शुचिता, सिद्धांत सब बेचे पड़े हैं ह्य नता सुबह किसी पार्टी में रहता है दोपहर में किसी दूसरी पार्टी में और शाम होते होते तीसरी पार्टी ज्वाइन कर लेता है और ये सब क्यों होता है सत्ता के लिए ह्य सत्ता के लिए कितनी हत्याएं नहीं हुई, बेटे ने बाप को मार डाला।

आत्महत्या के भयावह आंकड़े

योगेश कुमार गोयल

वर्ष 2021 में भारत में आत्महत्याओं के मामलों को लेकर एनसीआरबी ने जो रिपोर्ट जारी की है, वह बेहद डरावनी तस्वीर पेश कर रही है। दरअसल देश में आत्महत्या के मामलों में हर साल बढ़ोतरी हो रही है और रिपोर्ट के मुताबिक हर रोज देशभर में 450 व्यक्ति आत्महत्या करते हैं। एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक बीते वर्ष देश में कुल 164033 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से 118979 पुरुष, 45026 महिलाएं और 28 ट्रांसजेंडर थे। आत्महत्या करने वाली आधी से भी ज्यादा 23178 गृहिणियां थी जबकि 5693 छात्राओं और 4246 दैनिक वेतनभोगी महिलाओं ने आत्महत्या की। गृहिणियों द्वारा आत्महत्या के सर्वाधिक मामले तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 3221, 3055, 2861 दर्ज किए गए, जो गृहिणियों द्वारा की गई आत्महत्या के मामलों का क्रमशः 13.9, 13.2 और 12.3 फीसदी है। आत्महत्या के मामलों में महिला पीड़ितों का अनुपात दहेज जैसे विवाह संबंधी मुद्दों, नपुंसकता और बांझपन में अधिक देखा गया। पेशेवर समूहों में स्वरोजगार करने वालों में भी आत्महत्या के मामले करीब 16.73 फीसदी बढ़े हैं। दिश में 2020 में आत्महत्या के कुल 153052 मामले दर्ज हुए थे और 2021 में आत्महत्या की दर में 7.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 33.2 फीसदी लोगों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण जबकि 18.6 फीसदी ने बीमारी के कारण मौत को गले लगाया। आत्महत्या के अन्य मुख्य कारणों में 6.4 फीसदी मादक पदार्थों का सेवन और शराब की लत, 4.8 फीसदी विवाह संबंधी मुद्दे, 4.6 फीसदी प्रेम प्रसंग, 3.9 फीसदी दिवालियापन या कर्ज, 2.2 फीसदी बेरोजगारी, 1.6 फीसदी पेशेवर कैरियर की समस्या, 1.1 फीसदी गरीबी और 1 फीसदी परीक्षा में असफलता शामिल रहे।

आत्महत्या करने वालों में 18-30 वर्ष से कम आयु वर्ग के 34.5 फीसदी और 30-45 वर्ष से कम आयु के 31.7 फीसदी लोग शामिल हैं जबकि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में 3233 आत्महत्याएं पारिवारिक समस्याओं के कारण, 1495 प्रेम संबंध और 1408 बीमारी के कारण हुई। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की सर्वाधिक प्रवृत्ति महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में देखी गई है। केवल इन पांच राज्यों में ही देशभर में आत्महत्या के कुल मामलों में से 50.4 फीसदी मामले दर्ज हुए जबकि 49.6 फीसदी मामले 23 अन्य राज्यों और 8 केन्द्रशासित प्रदेशों में सामने आए। पिछले एक साल में उपरोक्त पांच राज्यों में क्रमशः 22207, 18925, 14965, 13500, 13056 लोगों ने आत्महत्या की, जो कुल मामलों का क्रमशः 13.5, 11.5, 9.1, 8.2 और 8 फीसदी है। प्रति एक लाख की आबादी पर आत्महत्या के मामलों की राष्ट्रीय दर हालांकि 12 रही लेकिन कुछ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में स्थिति बेहद चिंताजनक है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में यह दर 39.7, सिक्किम में 39.2, पुडुचेरी में 31.8, तेलंगाना 26.9 और केरल में 26.9 दर्ज की गई। एनसीआरबी की रिपोर्ट में दिहाड़ी मजदूरों और कृषि श्रमिकों की आत्महत्या के मामले भी मन को विचलित करने वाले हैं। रिपोर्ट में यह चिंताजनक खुलासा हुआ है कि देशभर में आत्महत्या करने वालों में सबसे ज्यादा 25 फीसदी लोग दिहाड़ी मजदूर ही थे। 2020 में जहां कुल 33164 दिहाड़ी मजदूरों ने जीवन की परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का रास्ता चुना, वहीं 2021 में कुल 42004 दिहाड़ी मजदूरों ने खुदकुशी की। कृषि क्षेत्र से संबद्ध कुल 10881 लोगों ने आत्महत्या की, जो कुल मामलों का 6.6 फीसदी है। इनमें 2019 में 5957 और 2020 में 5579 किसानों की आत्महत्या के मुकाबले यह आंकड़ा 2021 में कम होकर 5318 दर्ज हुआ लेकिन कृषि श्रमिकों में आत्महत्या की दर लगातार बढ़ रही है।

सूडोकु नवताल- 6185

★★★★☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल 6184 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

लिज ट्रस की जीत के अर्थ

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक को हराकर यह सर्वोच्च पद पाया है। वे पिछली बोरिस जॉनसन सरकार में विदेश मंत्री रही हैं। ऋषि सुनक हारे जरुर हैं लेकिन उन्हें 43 प्रतिशत वोट मिल गए जबकि ट्रस को 57 प्रतिशत वोट मिले। सुनक अंग्रेज नहीं हैं। भारतीय मूल के हैं। उनके पिता गुजराती और माँ पंजाबी हैं। इसके बावजूद उन्हें ट्रस के 81 हजार वोटों के मुकाबले 60 हजार वोट मिल गए, यह अपने आप में भारतीयों के लिए गर्व की बात है। जिस अंग्रेज ने भारत पर लगभग 200 साल राज किया, उसी अंग्रेज के सिंहासन तक पहुंचने का अवसर एक भारतीय को मिल गया। सुनक का यह साहस ही था कि उन्होंने अपना इस्तीफा देकर बोरिस जॉनसन की सरकार को गिरवा दिया। वित्तमंत्री के तौर पर उन्हें काफी सराहना मिली थी लेकिन कई छोटे-मोटे विवादों ने उनकी छवि पर प्रश्न चिन्ह भी उछाल दिए थे। यदि वे जीत जाते तो 21 वीं सदी की वह उल्लेखनीय घटना बन जाती लेकिन हारने के बावजूद उन्होंने जो बयान दिया है, उसमें आप भारतीय उदारता और गरिमा की झलक देख सकते हैं। उन्होंने ट्रस को बधाई दी है और कंजर्वेटिव पार्टी को एक परिवार की तरह बताया है। लिज ट्रस कैसी प्रधानमंत्री साबित होंगी, यह कहना मुश्किल है। अगले दो साल तक उनकी कुर्सी को कोई हिला नहीं सकता लेकिन 2024 के चुनाव में वे अपनी पार्टी को कैसे जिता पाएंगी, यह देखना है। बोरिस जॉनसन का उन्हें पूरा सहयोग रहेगा लेकिन उनकी हालत इस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ की तरह हो गई है। वे जिस वक्त में प्रधानमंत्री बनी हैं, वह ऐसा खराब है, जैसा पिछले कई दशकों में नहीं रहा है। ब्रिटेन में मंहगाई, बेरोजगारी, महामारी आदि की समस्याओं ने तो सिर उठा ही रखा है, उसकी अर्थव्यवस्था बिल्कुल डांवाडोल हो रही है। आम आदमी सरकारी टैक्स भरने से बेहद परेशान है। ट्रस का कहना है कि टैक्स घटाने में वे कोताही नहीं करेंगी। लेकिन ब्रिटेन के कई मजदूर-संगठनों ने अभी से हड़तालों और प्रदर्शनों की घोषणा कर दी है। विदेश मंत्री के तौर पर उनके द्वारा दिए गए कई बयानों की ब्रिटिश अखबारों ने काफी मजाक उड़ाई है लेकिन यूक्रेन के बारे में उनकी रूस-विरोधी नीति को काफी समर्थन मिला है। यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के संबंध को घनिष्ट बनाने के लिए भी वे कृतसंकल्प हैं। रूस-चीन की हिंद-प्रशांत नीति के विरोध में भी वे सक्रिय रहेंगी। रूस सरकार ने ट्रस के प्रधानमंत्रित्व का काफी मजाक उड़ाया है लेकिन ऋषि सुनक की हार के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रस का स्वागत किया है।

पुलिस वसूली में व्यस्त, चोर चोरी में मस्त..

रिटायर्ड फौजी के घर से अज्ञात चोर 20 तोला सोना सहित राइफल और कारतूस ले उड़े

देर रात्रि को मंदिर पर रामायण पाठ के लिए बुलाया और उसी दौरान हुई घटना

मुरैना। इन दिनों जिला मुख्यालय पर पुलिस वसूली और भोले भाले दो पहिया वाहन चालकों की तलाशी में लगी हुई है, लेकिन वहां कुछ हाथ नहीं लग रहा और दूसरी ओर चोर-चोरी में मस्त हैं तथा शहर की सुरक्षा व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोर एक मकान का ताला तोड़कर घर में घुसा और 20 तोला सोने से भरा संदूक, राइफल कारतूस तथा नगदी लेकर शान से निकल गया। चोर की संख्या एक बताई गई है और बंदूक ले जाता हुआ वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जिला मुख्यालय पर संचालित सिविल लाइन थाना, सिटी कोतवाली एवं स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी एवं लूट की घटनाएं देखने को मिल रही है और पुलिस का पहरा कहीं दिखाई नहीं देती। चारों ओर सुबह से शाम तक पुलिस के वाहन घूमते हैं, लेकिन वारदातों को रोकने के लिए कहीं कोई दिखाई नहीं देता। पुलिस पर एक परमानेंट कार्य दोपहिया वाहनों की चेकिंग का रह गया है, जिसे वह हर चौराहे पर लगाकर भोले-भाले लोगों को परेशान करती दिखाई देती है। बीती रात्रि न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड फौजी पंकज सिंह तोमर रात्रि 2 बजे के लगभग घर में सो रहे थे तथा ऊपर की मंजिल पर उनकी पत्नी सो रही थी। घर के ठीक सामने मंदिर बना हुआ है, जिस पर रामायण का पाठ चल रहा था, तभी मंदिर से कोई व्यक्ति उन्हें रामायण पाठ के लिए बुलाने आया और वह घर से निकल कर मेन गेट का ताला लगाकर मंदिर चले गए। जैसे ही वह मंदिर पर पहुंचे, उसके थोड़ी देर पश्चात एक युवक कपड़े से मुंह बांधे हुए आया और ताला तोड़कर मकान में अंदर प्रवेश कर गया। बताया जाता है कि युवक 5 मिनट के अंदर ही घर से लाइसेंसी राइफल एवं 50 कारतूस 20 तोला सोना से भरा संदूक एवं सवा लाख रुपए नकदी तकरीबन 14 लाख रुपए का माल लेकर शान से टहलते हुए निकल गया। युवक राइफल ले जाता हुआ आसपास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, लेकिन उसका चेहरा दिखाई नहीं दिया। मजे की बात यह है कि युवक मंदिर के सामने से ही निकला और किसी ने उसे टोका तक नहीं। कुछ देर पश्चात रिटायर्ड फौजी पंकज तोमर घर पहुंचा तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए और शोर मचाया। घर के अंदर जाकर देखा तो राइफल एवं जेवर से भरा संदूक व नगदी गायब मिले। घटना की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई, जिस पर से पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय बात यह है कि शहर के तीनों थाना क्षेत्रों में आए दिन लूट चोरी की वारदातें हो रही है और असामाजिक तत्व सक्रिय हैं, लेकिन पुलिस का जोर इन पर नहीं चल रहा है। शहर में आए दिन हो रही वारदातों से आम जनमानस अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

इनका कहना है...

न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से चोरी की घटना हुई है, जिसमें एक युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, लेकिन चेहरा दिखाई नहीं दे रहा ! चोरी में लगभग 3 लाख से अधिक का माल गया है। पुलिस की टीम चोर को पकड़ने में लगी हुई है।

प्रवीण चौहान, थाना प्रभारी, सिविल लाइन, मुरैना

एस एकेडमी के छात्र का एसआई के पद पर चयन

मुरैना। शहर के जीवाजीगंज मैं संचालित एस एकेडमी के संचालक संदीप शर्मा के सानिध्य में अध्यापन करने वाले छात्र रामप्रताप सिंह सिकरवार का गत दिवस सब इंस्पेक्टर परीक्षा में उत्तर प्रदेश में चयन हुआ है। इस अवसर पर एस अकैडमी के संचालक संदीप शर्मा ने हर्ष जताया है, वहीं रामप्रताप के सहपाठी एवं शुभचिंतकों ने भी खुशी जाहिर की है।

जितनी आवश्यकता हो, उतना खाद मिलेगा, खाद की कमी नहीं: तोमर

अंबाह। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने किसानों से आग्रह किया है कि उन्हें जितने खाद की आवश्यकता हो,उतना ही खाद का उठाव करें। यह बात उन्होंने पोरसा विकासखण्ड के ग्राम खुर्द रायपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि खेती कार्य इस समय पूरे देश में चल रहा है। सभी किसानों को खाद की आवश्यकता है। मैं कहना चाहूंगा कि किसानों को जितनी जरूरत है, उतना ही खाद का उठाव करें। सभी को खाद मिलेगा, देश में खाद की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी सरसों की बुबाई के लिये खाद की जरूरत है, तो उतना ही खरीदें। जब गेहूं की बुबाई के लिये खाद की आवश्यकता हो, तब गेहूं के लिये खाद क्रय कर लिया जाये। सभी किसानों को खाद आवश्यकतानुसार भरपूर मात्रा में मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज की स्थिति में जिले में 3 हजार 122 मैट्रिक टन यूरिया, 4 हजार 66 मैट्रिक टन डीएपी, 1 हजार 457 मैट्रिक टन एनपीके और 3 हजार 96 मैट्रिक टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध है। किसान धैर्य बनायें रखे, सभी को सरसों की बुबाई के लिये खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।

बाढ से प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद दी जायेगी: केन्द्रीय मंत्री

अंबाह। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व मुरैना सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने बीलपुर कुथियाना गांव में कहा कि बाढ से प्रभावित हुये परिवार चिंता नहीं करें, सरकार उन्हें हर संभव मदद देगी। इस संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ घड़ी है। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया आप सभी के बीच आ चुके है। हम सभी का मकसद एक की है, कि बाढ पीड़ितों की हर संभव मदद हो जाये। जहां भोजन के पैकेट की आवश्यकता थी, वहां पैकेट दिये। जहां रेस्क्यू की आवश्यकता थी, वहां रेस्क्यू किया गया। साथ ही साथ यदि किसी के मकान, पशुधन की हानि हुई है, तो उसकी भी पूर्ति सरकार करेगी। सरकार बाढ एवं वर्षा से हुई क्षति का कार्य पूरे प्रदेश में किया गया है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि खेती के नुकसान के लिये भी सर्वे कराया जा रहा है, दो तीन दिन में यह सर्वे कार्य पूरा हो जायेगा और जैसे ही सर्वे कार्य पूरा होगा, जिनका जितना नुकसान हुआ है, उनको मुआवजा चार से पांच दिन के अंदर उनके खाते में आ जायेगा।

पेंशनर्स एसोसिएशन का शिक्षक साहित्यकार सम्मान

मुरैना। सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश की मुरैना इकाई द्वारा शिक्षक साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पैंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश इकाई मुरैना द्वारा 5 अगस्त को अपरान्ह 3:00 बजे गांधी बाल निकेतन मुरैना के सभागार में पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा शिक्षक साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विजय सिंह सिकरवार, बी.एल.टुंडेले, नारायण सिंह सिकरवार, दरबार सिंह सिकरवार, सरनाम सिंह जादौन, केदार सिंह सिकरवार, जगमोहन सिंह तोमर, लक्ष्मीनारायण हर्षाना, मातादीन मधुप, भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ तथा साहित्यकार देवेंद्र तोमर सहित 11 शिक्षक साहित्यकारों को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल टुंडेले ने सभी सम्मानित शिक्षक साहित्यकारों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में सभागार में मौजूद एसोसिएशन के सदस्य शिक्षक साहित्यकारों को भी पुष्प हार पहना कर सम्मानित किया गया, जिनमें सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र कुलश्रेष्ठ, मुरारी लाल प्रजापति, राधाकृष्ण अवस्थी, रामप्रकाश सिंह सिकरवार, रामभरोसी दौनेरिया, हरिराम पचौरिया तथा रमेशचन्द्र वर्मा सहित दो दर्जन से अधिक शिक्षकों सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का आरंभ सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ देवेंद्र तोमर द्वारा प्रस्तुत की गई और शिक्षकों तथा शिक्षक साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा अधिकारी विजय सिंह सिकरवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा समारोह की अध्यक्षता वीएस टुंडेले ने की। संपूर्ण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कवि साहित्यकार डॉक्टर देवेंद्र तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पैंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश जिला इकाई मुरैना द्वारा मनोनीत कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र कुलश्रेष्ठ तथा मुरारी लाल प्रजापति द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बैंक कर्मचारी द्वारा उपभोक्ता से अभद्रता, शाखा प्रबंधक को दिया आवेदन

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र मैं न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पदस्थ विजेंद्र मीणा सहायक कर्मचारी द्वारा एक उपभोक्ता के साथ अभद्रता की गई, जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने शाखा प्रबंधक एवं थाना सिविल लाइन मुरैना को शिकायती आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित उपभोक्ता अभय सिंह सिकरवार एवं अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा न्यू हाउसिंग बोर्ड में पदस्थ विजेंद्र मीणा सहायक द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रता की जाती है। शिकायतकर्ता अभय सिंह सिकरवार सोमवार की दोपहर 1 बजे अपनी पासबुक अपडेट कराने गया और विजेंद्र मीणा से कहा तो उनके द्वारा अभद्रता का परिचय देते हुए थप्पड़ मार कर गाल लाल करने की बात की और पुलिस से गिरफ्तार कराने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इनके द्वारा अन्य उपभोक्ताओं से भी अभद्रता एवं गाली-गलौज करने का कृत्य किया गया है। श्री सिकरवार ने शाखा प्रबंधक से कहा है कि वह अपने नियंत्रक से बातकर श्री मीणा का स्थानांतरण तुरंत कराएं, अन्यथा एक सप्ताह में ऐसा ना होने पर ग्राहकों को शाखा के सम्मुख धरना प्रदर्शन करने हेतु विवश होना पड़ेगा।

योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजित

मुरैना। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस एसोसिएशन के सचिव एवं योग गुरु जय किशन ने हमें बताया कि इस एसोसिएशन में 9 से 14 वर्ष की बालिकाएं, 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं, 18 से अधिक वर्ष की बालिकाएं व इसी तरह से 9 से 14 वर्ष के बालक, 14 से 18 वर्ष के बालक एवं 18 वर्ष से अधिक के बालक बालिकाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में मुरैना शहर के सीएसपी अतुल सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया दीप प्रज्वलित करके एवं प्रतियोगिता के समापन पर मुरैना नगर निगम के कमिशनर संजीव जैन ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं सभी बच्चों को जिन्होंने प्रतियोगिता में उच्च स्तर प्राप्त करके विजय हासिल की उनको मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में रवि गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पंकज बंसल, गिरिराज पचौरी एवं श्रीमती मधु दंडोतिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बच्चों के निरीक्षण के लिए निर्णायक की जो टीम बनाई गई थी उसमें श्रीमती रागिनी बंसल, प्रियंका वर्मा, नायला रूबी, निधि मंगल, संगीता बंसल, आरती शर्मा, संजीव शर्मा, निधि गुप्ता एवं प्रेरणा सविता उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी निर्णायक भूमिका निभा कर सभी बच्चों को अंक दिए। इसी श्रेणी में विजेता खिलाड़ियों की सूची में 9 से 14 वर्ष की बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कु मान्या अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर कु रागिनी यादव, तृतीय स्थान पर कु रागिनी गोले रही। 9 से 14 वर्ष के बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राम गोयल, द्वितीय स्थान पर लक्ष्य बंसल एवं तृतीय स्थान पर अंशु परमार रहे। इसी क्रम में 14 से 18 वर्ष में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अंकिता प्रजापति, द्वितीय स्थान करिश्मा जोनवार एवं तृतीय स्थान पर नेहा यादव रही। इसी प्रकार बालक वर्ग 14 से 18 वर्ष में प्रथम स्थान पर प्रशांत सिकरवार, द्वितीय स्थान निर्भय प्रजापति एवं तृतीय स्थान सूरज परमार ने प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं में प्रथम स्थान प्रेरणा सविता, द्वितीय स्थान शीतल शर्मा एवं तृतीय स्थान पलक गोयल ने हांसिल किया और 18 वर्ष से अधिक आयु बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर हर्ष राजपूत एवं द्वितीय स्थान पर विकास शर्मा रहे। इसके अलावा वहां जितने भी बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, सभी को मुरैना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा सर्टिफिकेट का वितरण कराया गया एवं नगर निगम कमिशनर संजीव जैन ने वहां उपस्थित रहकर सभी बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया। मुरैना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रवि गोयल, प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती कृष्णा सोनी, श्रीमती निधि गुप्ता, तहसीलदार बैसला, डॉ जयकिशन शर्मा, श्रीमती रागनी बंसल, आशाराम प्रजापति, संजीव शर्मा, कु शीतल शर्मा, धर्मेंद्र मंगल, योगेश बांदिल एवं गौरव अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।

लगभग दो दर्जन लोगों ने दो युवकों पर लाठियों से किया हमला, फायरिंग

मुरैना। शहर के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सोमवार की शाम को दो दर्जन के करीब युवकों ने दो युवकों पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे दोनों युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि इस दौरान कट्टों से भी फायर किए गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, जहां से दोनों ही घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह मारपीट किसने की और क्यों की, इसके बारे में दोनों ही घायल बताने से इंकार कर रहे थे, लेकिन आगे आने पर पहचानने की बात कह रहे थे। जानकारी के मुताबिक शिवनगर निवासी दीपक कंषाना व सिद्ध नगर निवासी रमन कंषाना पर दो दर्जन के करीब युवकों ने लाठियों से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों की ही जमकर मारपीट की गई, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच कट्टे से फायरिंग भी की गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां से घायलों को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। इस बीच दोनों ही घायल कह रहे थे कि वह पानी पीने के लिए गए थे, इसी बीच युवकों ने लाठियों से उन पर हमला किया, वह किसी को नहीं जानते। स्टेडियम में टहलते हुए पहुंचने की बात कह रहे थे। पुलिस दोनों ही घायलों से झगड़े के संबंध में पूछताछ कर रही है लेकिन घायलों ने पुलिस को कुछ भी नहीं बताया है। बताया जाता है कि यहां लगभग चार से पांच दिन पहले हैंडपंप से पानी पीने को लेकर विवाद हुआ था, संभवतः यह उसी से संबंधित मामला हो सकता है। कोतवाली पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

महंगाई और भ्रष्टाचार बस यही दोनों फलफूल रहे हैं भाजपा राज में: माकपा

मुरैना। जब देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है, तब मोदी सरकार ने बच्चों के दूध दही और खाद्यान्न पर जीएसटी लगाकर मासूम बच्चों का दूध और गरीब के मुंह का निवाला छीना है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने मुरैना में पार्टी जिला समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किया। माकपा नेता ने कहा कि गरीबों को 5 किलो अनाज भी मोदी के फोटो के साथ मिल रहा है। मगर 400 रुपये का गैस सिलेंडर भी तो 1150 रुपए में मोदी सरकार ही दे रही है। पेट्रोल 60 से 108 और डीजल भी 53 रुपये से 94 रुपए में मोदी सरकार की नीतियों के कारण ही मिल रहा है। तेल कम्पनियों और कारपोरेट घरानों को मुनाफा देने के लिए यह सरकार जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। जसविंदर सिंह ने कहा कि जब खाद्यान्न पर 5 फीसद जीएसटी लगाया है, तब मोदी सरकार ने कारपोरेट घरानों को टैक्स में छूट देकर साबित कर दिया है कि यह सरकार गरीबों की नहीं, कारपोरेट घरानों की सरकार है। जसविंदर सिंह ने मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि जब कुपोषण में प्रदेश सबसे ऊपर है, तब पोष्णहार में भ्रष्टाचार से इस सरकार का अमानवीय चेहरा बेनकाब हो गया है। माकपा नेता ने भाजपा सरकार की मनुवादी नीतियों की निंदा करते हुए 2 अप्रैल भारत बंद के दलितों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग की। दलित उत्पीड़न के मामले में प्रदेश सबसे आगे है। जसविंदर सिंह ने कहा कि मामा के राज में हर तीन घंटे में एक मासूम बलिका यौन हिंसा का शिकार हो रही है। माकपा नेता ने कहा कि केरल की वामपंथी जनवादी मोर्चे की सरकार ने खाद्यान्न पर जीएसटी लगाने से इनकार कर जनता को राहत दी है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्य सचिव मण्डल के सदस्य अखिलेश यादव ने पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले सितम्बर अभियान की जानकारी दी। पार्टी जिला सचिव महेश प्रजापति ने रिपोर्ट रखी जिसे चर्चा के बाद पारित किया और व्यापक पैमाने पर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कैलारस नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी ने की।

अपेक्षाओं का दायरा छोटा रखिए

क्यूँ हम चाहते है कि सब हमारी सोच के मुताबिक ही हो? इनको ऐसा करना चाहिए, उनको वैसा करना चाहिए और ऐसा नहीं होने पर अकुलाहट क्यूँ?

नेकी कर दरिया में ड़ाल इस कथन को याद रखकर सिर्फ़ अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे, तो मन शांत और सकारात्मक रहेगा। अपेक्षाओं का दायरा हमेशा छोटा रखिए, अपेक्षाएँ हटते ही दुनिया अपरिचित और अन्जान लगेगी और अन्जानों से कैसी अपेक्षा? जहाँ अपेक्षा खत्म हो जाती है सुकून की शुरुआत जीवन में वहीं से होती है।

बेशक हर इंसान के मन में अपेक्षाएँ रहती है, जब व्यक्ति की अपेक्षाएँ पूर्ण हो जाती है तब ज़ाहिर सी बात है खुशी मिलती है। लेकिन जब अपेक्षा के बदले उपेक्षा मिलती है तो इंसान अंदर से टूट जाता है। अपेक्षाएं मन का मोह है, चाहे व्यक्ति की अपेक्षाएं पूरी न हों, परन्तु वह अपेक्षा रखता जरूर है। माता-पिता बच्चों से, बच्चे माता-पिता से, पति, पत्नी से, पत्नी, पति से, गुरु, से, दोस्त को दोस्त से अपेक्षाएँ रहती ही है। रिश्ता कोई भी हो अपेक्षा से परे नहीं होता। सीधा गणित है अगर कोई इंसान हमारी अपेक्षाओं पर खरा उतरता है तो वह सही और अच्छा वरना बुरा है।

यदि किसीके लिए कुछ अच्छा करने के बाद मन में ये लालच उत्पन्न होती है कि हाँ मैंने तो इनके कितना कुछ किया, उसको भी मेरे लिये ये करना चाहिए, वो करना चाहिए वो गलत है। जब आपकी अच्छाईयों का प्रतिभाव नहीं मिलता तब मन खिन्न हो जाता है, सामने वाला पराया बन जाता है। उनके हर व्यवहार में कमियां नज़र आने लगती है। ये हमारी अपेक्षा की वजह से होता है। किसीके लिए कुछ करके भूल जाना बेहतर होता है।

हमारे कर्मों का हिसाब जहाँ होना चाहिए वहाँ अचूक होता है, और उसका फल भी मिलता है। आज हर रिश्ता स्वार्थ की क्षितिज पर खड़ा है। जब तक आप किसीको देते रहेंगे आप सर्वश्रेष्ठ है, जैसे ही किसी दिन ना बोल दी आप दुश्मन की श्रेणी में खड़े कर दिए जाओगे। इस परिस्थिति में किसीसे भी उम्मीद या अपेक्षा रखना रेत में से पानी निचोड़ने के बराबर है। अपेक्षाएँ मौन एहसास चाहती है। जैसे पति की पत्नी से केयरिंग होने की अपेक्षा, तो अभिभावकों की बच्चों से यह अपेक्षा कि वे बुढ़ापे में उन की देखभाल करेंगे। जबकि बच्चे यह अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी सोच और मन मर्ज़ी के अनुसार जिंदगी जिएंगे, जिस में माता-पिता की टोका-टोकी न हो। लेकिन व्यावहारिक जीवन में ऐसा नहीं होता कि सामने वाला आप की अपेक्षा के अनुरूप व्यवहार करे या आप की सोच के मुताबिक आपसे रिश्ता रखें।

कर्तव्य और फ़र्ज़ निभाने की पहली शर्त है निस्वार्थ परोपकार करते जाओ, अपने हिस्से की धूप से किसी ओर का आशियां रोशन करते जाओ आपके घर की दीवारें हमेशा झिलमिलाएगी। नेकी के पेड़ पर मीठा फल ही उगेगा। अगर जिंदगी में सुकून चाहिए और रिश्तों को ताउम्र बरकरार रखना चाहते हो तो कर्तव्य परायण अपना कर अपेक्षाओं को निजात दे दो। किसीसे भी अधिक उम्मीद निराश करेगी, कर्मों पर श्रद्धा रखिए अपेक्षाओं से सदा ही अधिक मिलेगा।

भावना ठाकर भावु
(बेंगलूरु,कर्नाटक)

सोना चांदी से जडित भव्य फूल डोल में निकली भगवान काली मर्दन सरकार की भव्य शोभायात्रा

संतोष सिंह भदौरिया

गोरमी। आज ढोल ग्यारस के पावन पर्व पर सोना चांदी से जडित भव्य फूलडोल में भगवान खाली मर्दन सरकार की शोभा यात्रा नगर के प्राचीन बड़ी जग्गा मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई यह फूल डोल यात्रा लगभग 182 वर्ष से बराबर निकाली जा रही हैं फुल डोल यात्रा के साथ भक्तजन भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई देर रात समाप्त होगी जहां जगह-जगह भजन मंडली द्वारा भगवान काली मर्दन सरकार के भजन गाए जाएंगे इस फूलडोल यात्रा का नगर वासियों को पूरे वर्ष इंतजार रहता है फूल डोल यात्रा की सुरक्षा के लिए स्थानीय थाना प्रभारी सुरेश चंद शर्मा पूरे समय दल बल के साथ मौजूद रहे इससे पूर्व बड़ी जग्गा मंदिर पर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया काली मर्दन सरकार के महंत श्री प्रीओम् दास जी महाराज ने बताया फूलडोल यात्रा हमारी धार्मिक आस्था की यात्रा है सैकड़ों बरसों से यह यात्रा ऐसे ही निकल रही है नगर वासियों को इस यात्रा में शामिल होने का पूरे वर्ष इंतजार रहता है कोरोना काल के बाद इस वर्ष लोगों में उत्साह कुछ अधिक देखा जा रहा है फूलडोल यात्रा में स्थान पत्रकार राजनेता गण एवं समाजसेवी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अम्बाह कोचिग सेन्टरो पर शक्ति से कडाई आबारा गुण्डे मवालियो की खैर नही... टीआई जितेन्द्र नगाइच

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... कोचिग सेन्टरो पर एक महीने की समझाइस के बाद अब पुलिस प्रसासन का शक्ति से पालन शुरू होगया है बिना आईडी कार्ड के व हाथो में चूरा (कड़ा) पहने हुऐ जो भी छात्र पाया गया तो कारबाही निश्चित समझे थाने में नौकरी सम्बधित कागज जैसे चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस बैरीफिकेसन कागज जो नौकरी में लगते है वह कभी नही बन पायेगे और आप सरकारी नौकरी से हमेशा हमेशा के लिये बंचित रहजाओगे दूसरा आबारा बदमाश गुण्डा मबाली कौचिग सेन्टरो के पास अन्य लडको के साथ घूमता या ऊदम करता पाया गया तो खैर नही और पुलिस से बत्तमीजी की तो मामा का बुल्डोजर चलना निश्चित ही समझे सभी कोचिग संस्थानो के संचालको को कढी चेतावनी देते हुये कहा है आप भी कोचिग छात्रो को गले में आइडी कार्ड जारी कर दे व सीसी कैमरा प्रत्येक कोचिग पर होना चाहिये और दरबाजे पर पेमप्लेट पर पुलिस प्रसासन के नम्बर लिखे होना चाहिये साथ ही जहा तक हो तो बिना मास्क लगाये कोई बच्चा न आये और नगाइच जी ने बताया सभी टीचर बच्चो को अच्छे संस्कार के साथ कोचिगो नाम से उच्चारण होना चाहिये ये नही होना चाहिये कि चन्दू सर , एनएसटी एलएन यह हमारे संस्कार नही है अपने संस्थान के नाम अच्छे रखे

भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के द्वारा महा वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए जाएंगे 135000 वृक्ष

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर के जिला अध्यक्ष प्रतीक तिवारी के द्वारा महा वृक्षारोपण अभियान हरा भरा मध्यप्रदेश का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में जिला ग्वालियर महानगर द्वारा हरा-भरा मध्य प्रदेश तीन चरणों में किया जाएगा जो कि 1 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा पौधारोपण हेतु प्राकृतिक स्थल विद्यालय अस्पताल व अन्य सरकारी भवन आदि चिन्हित किए जा रहे हैं मंडल ब्लॉक स्तर पर पौधारोपण हेतु आंगनवाड़ी पंचायत भवन इत्यादि को चिन्हित किया जा रहा है इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जनता को जोड़ने हेतु अधिक से अधिक पंजीयन करवाए जा रहे हैं सभी प्रमुख धार्मिक स्थानों सामाजिक संस्थानों के पंजीयन निम्नलिखित माध्यमों से हरा-भरा मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत करवाया जा रहा है भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की वेबसाइट www.mpbjym.org पर हरा भरा मध्य प्रदेश अभियान पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया कराई जा रही है साथ ही व्हाट्सएप नंबर 9111003009 पर मैसेज या मिस कॉल भेजकर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है इस पूरे अभियान के अंतर्गत 135000 पौधे लगाए जाने हैं जो कि 3 चरणों में होगा पहला चरण 11 सितंबर से 17 सितंबर तक होगा जिसमें 11 सितंबर को भव्य कार्यक्रम के साथ अभियान की शुरुआत की जाएगी 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जन्म दिवस पर सर्वाधिक वृक्षों का रोपण किया जाएगा वही दूसरा चरण 18 सितंबर से 25 सितंबर तक होगा और वही तीसरा चरण 26 सितंबर से 2 अक्टूबर को खत्म होगा जिले में सभी चयनित स्थलो पर कम से कम 45000 वृक्षों का रोपण किया जाएगा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर सर्वाधिक वृक्षों का रोपण किया जाएगा

कुत्ते के काटने से 2 बच्चे घायल जिला अस्पताल रेफर

संवादाता हरिओम परिहार
पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी जिले की तहसील खनियाधाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में आज एक कुत्ते ने बच्चों पर हमला बोल दिया दो बच्चे घायल बताए जा रहे हैं इसी दौरान एक बच्ची को ज्यादा गंभीर चोटें आई हैं जिसमें उनको स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां आज डॉक्टरों ने इलाज के दौरान जिला स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया जहां उनका इलाज जारी है बताया जाता है कि 2 बच्चे मंदिर के पास खेल रहे थे उसी दौरान एक कुत्ता आया और दोनों के ऊपर हमला बोल दिया जिस कारण से बच्चे को बड़ी मशक्कत के बाद बचाया गया उसकी गर्दन पर हमला कर दिया और एक बच्चे का पीछे साइड खा लिया दोनों बच्चे घायल हैं और दोनों का इलाज जारी है बताया जाता है कि एक राजकुमार केवट देवेंद्र लोधी के दोनों पुत्र थे एक की 8 वर्ष आयु और 1 की 10 वर्ष आयु बताई जाती है

टीकमगढ़ विधायक के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस हुई सक्रिय,बैंक के बाहर चोरी की घटना का किया खुलासा

संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार
पुष्पांजली टुडे

टीकमगढ़। शहर लगातर चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ प्रशांत खरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ बी0डी0 त्रिपाठी के द्वारा शहर मे हो रही चोरीयो कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके चलते कोतवाली में पदस्थ एसआई रघुराज सिंह एसआई शैलेंद्र सक्सेना एवं उनकी टीम की सक्रियता के चलते बैंक की बहार वृद्ध के साथ हुई चोरी का खुलासा किया गया शहर के सेंट्रल बैंक के बाहर से 4 दिन पहले एक बुजुर्ग के थैले से 80 हजार चोरी करने का मामला सामने आया था। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज की मदद से 3 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों महिला आरोपी उत्तर प्रदेश के ललितपुर की रहने वाली बताई जा रही हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि किस तरह महिलाओं ने बुजुर्ग का थैला काटकर सफाई के साथ 80 हजार रुपए चुराई थे।

दरअसल शहर के प्रमुख बैंक लंबे समय से चोरों के निशाने पर हैं। स्टेट बैंक सहित अन्य बैंकों से रुपए निकालने पहुंच रहे बुजुर्गों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। 4 दिन पहले बैंक से रुपए निकालने पहुंचे 80 वर्षीय बुजुर्ग को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। वृद्ध नारायण दास शर्मा ने कोतवाली में 80 हजार रुपए चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों का पता लगाने के लिए टीम गठित की थी।

शहर के ताल दरवाजा निवासी नारायणदास पुत्र मातादीन शर्मा ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में अपने खाते से 98 हजार रूपये निकाले और उन्हें गिनकर एक थैले में रख लिए थे। इसके बाद जैसे ही वे बैंक के बाहर निकले और थैला साइकिल पर टांगा दिया। इसी दौरान एक अज्ञात महिला उनके सामने खड़ी हो गई और दूसरी महिला ने सफाई के साथ थैला काटकर 80000 चोरी कर लिए थे। पुलिस द्वारा बताया गया है कि बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस दौरान तीन महिला आरोपियों को बुजुर्ग के थैले से रुपए निकालते हुए साफ तौर पर देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश शुरू की गई। बताया कि तीनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोरी किए गए 80 हजार रुपए में से 24 हज़ार रुपए बरामद हुए हैं पूरे मामले का खुलासा किया उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह पवार, उनि0 शैलेन्द्र सिंह सक्सेना, उनि0 रघुराज सिंह, प्रआर0 कैलाश, प्रआर0 राहुल पटैरिया, प्रआर0 अनुराग सिंह, प्रआर0 ध्रुव पटैरिया, आर0 पुष्पराज ,म0प्र0आर0 483 मिथलेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है

बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर श्री कांक्सी सरकार पर विशाल भंडारा आयोजित

विधिविधान से हनुमान जी महाराज को लगाया गया छप्पन भोग

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह- भिंड जिले के दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्राचीन धार्मिक स्थल श्री कांक्सी सरकार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वप्रथम भगवान अंजनी पुत्र हनुमान की मंगलवार प्रातः 06-00 बजे श्री श्री 1008 महंत रामशरण दास जी महाराज के द्वारा महाआरती की गई व् उसके बाद सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया।उसके बाद फूल बंगला एवम् छप्पन भोग की मनोहर झांकी भी लगाई गई व् प्रातः 06-00 बजे से देर रात्रि तक भव्य विशाल भंडारे का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया।जिसमे हज़ारो की तादात में मध्यप्रदेश,उत्तरप्रदेश व् कई जगहों से आये हुए श्रद्धालुओं ने भोजन प्रशादी ग्रहण की।बताया जाता है की श्री कांक्सी सरकार का मन्दिर एक ऐसा रमणीक,मनोरम स्थल है जहां हर मंगलवार व् शनिवार को दर्शन करने के लिए भक्तो की कतार लगती है।

मजिस्ट्रेट की उपाधि से जाने जाते हैं श्री कांक्सी सरकार: मन्दिर के महाराज द्वारा बताया जाता है कि श्री कांक्सी सरकार मजिस्ट्रेट की उपाधि से जाने जाते हैं क्यू कि भक्तो का मानना है की किसी के भी ऊपर कोट कचहरी का कैसा भी केश हो जो श्री कांक्सी सरकार के पास आकर एक बार सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाते हैं मजिस्ट्रेट हनुमान जी उनकी मनोकामना जरूर पूरी करते हैं और इसका जीत जागता उदाहरण कई लोग देख भी चुके हैं,यह कांक्सी सरकार का मन्दिर हमारे भिंड जिले में ही नही बल्कि आस-पास के मध्यप्रदेश व् उत्तरप्रदेश के कई जिलो में भी जाना जाता हैं।

सबके दु:ख हरते हैं और झोली भरते हैं श्री कांक्सी सरकार: जैसा की आप सभी को ज्ञात है कि श्री कांक्सी सरकार मन्दिर जिले का एक ऐसा रमणीक स्थल है जहाँ हर मंगलवार व् शनिवार को हज़ारो की संख्या में भक्तगण मध्यप्रदेश व् उत्तरप्रदेश से श्री कांक्सी सरकार के दर्शन करने के लिए आते हैं,बताया जाता है कि श्री कांक्सी सरकार से जो भी भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है श्री कांक्सी सरकार उसके सब संकट हर लेते हैं और उसके जीवन को खुशियों से भर देते हैं।

नासै रोग हरै सब पीरा,जपत निरंतर हनुमत बीरा: इसी अवधारणा को साकार करते श्री कांक्सी सरकार अंजनी पुत्र हनुमान जी यहाँ दबोह से कुछ ही दूरी लगभग 06-07 कि.मी.पर बसे हैं और लोगो के आस्था के केंद्र बिंदु बने है।श्री कांक्सी सरकार का मन्दिर जिला भिंड तहसील लहार के दबोह व् लहार के मध्य स्थित है,ये प्राचीन प्रसिद्ध मन्दिर सड़कमार्ग से जुड़ा हुआ है,लहार से जाने वाले श्रद्धालु लगभग 18 कि.मी व् दबोह से जाने वाले श्रद्धालु लगभग 07 कि.मी की दूरी तय कर श्री कांक्सी सरकार के दर्शन प्राप्त कर सकते हैं,बुजुर्गो द्वारा बताया जाता है कि आज से 60 वर्ष पूर्व श्री कांक्सी सरकार वहाँ झाड़ियो के बीचो-बीच सिर्फ एक चबूतरे पर विराजमान थे।जिन्हें पहली बार बिजोरा के नागा बाबा ने देखा था तब से नागा बाबा वहाँ अपना निवासरत होकर श्री कांक्सी सरकार की पूजा अर्चना करने में लग गए थे।

पुलिस प्रशासन व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त: इस भव्य कार्यक्रम के चलते एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के निर्देशन में थाना दबोह से एएसआई अवनीश शर्मा,एएसआई महेंद्र उचाड़िया,प्रधान आरक्षक लाखन सिंह समेत व पुलिस लाइन ने व्यवस्था सम्भाली वहीं दबोह नायाब तहसीलदार अमित दुबे ने भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओ का मोर्चा संभाला।जिसके चलते मंदिर समिति द्वारा प्रशासन की अच्छी व्यवस्था के लिये सभी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया गया।समिति ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का ऐसा सहयोग हमेशा बना रहा।वहीं क्षेत्रीय जनता को परोस व्यवस्था बनाये रखने एवम मंदिर समिति के सहयोग के लिये मंदिर समिति द्वारा बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया।

निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर में 120 पंजिकृत में 38 मरीज मोतियाबिंद चिन्हित

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

बालाघाट महावीर इंटरनैशनल लांजी द्वारा दिनांक 6 सितंबर 2022 मंगलवार को ग्राम लाड़सा ,ग्राम पंचायत भवन में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया तथा चिन्हित किए गए मोतियाबिंद मरीजों को संस्था के सारी सुविधाओं के माध्यम से ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया गया, महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत ने बताया की दिनांक 06/09/2022 दिन मंगलवार समय प्रातः 11ः00 बजे से 4 बजे तक शिविर कार्यक्रम प्रारंभ रहा शिविर में लाड़सा , उमरी, सिरेगांव, देवलगांव ,केरेगांव ,सावरी, दहेगांव के ग्रामीण जनों ने सेवा का लाभ लिया। 120 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 38 मरीज मोतियाबिंद चयनित किया द्य इस अवसर पर एक ढाई वर्षीय बालक भावेश गिरी गोस्वामी पिता रितेश गोस्वामी ग्राम लाडसा को मोतियाबिंद पाया गया इस बच्चे का इलाज भी महावीर इंटरनेशनल के द्वारा किया जाएगा। साथ ही डॉ विमल विश्वकर्मा ,कृष्णा डॉ इन्द्र कुमार राजा भूते एवं उनके स्वास्थ्य की जांच

निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं जिन जो व्यक्ति मोतियाबिंद से परेशान बच्चे, महिला, पुरुष उन्हें ऑपरेशन संस्था के माध्यम से सारी व्यवस्था संस्था के द्वारा कराया जाएगा और निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जाएगा। यह कार्य महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा स्वास्थ्य को लेकर विगत कई वर्षों से पूरे क्षेत्र में है। प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले वरिष्ठ जन आर्थिक रूप से कमजोर और समय के अभाव में इलाज नहीं कराने के कारण जिनकी आंखों में समस्या हो इस कार्य में पूर्ण सहयोग आज भी करेगी और आने वाले समय में यह सतत प्रयास होगा कि पूरे क्षेत्र से अंधत्व की बीमारी का निवारण करें जिन्हें समस्या से ग्रसित हो उन्हें पूर्ण सहयोग करने के लिए महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा स्वास्थ्य को लेकर विगत चलती रहेगा यह कार्य कभी नहीं रुकेगा। शिविर कार्यक्रम लांजी, भानेगांव आयोजित किी अवसर पर जिसमें विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर × चेयरमेन लांजी, राधेश्याम नखाते, श्याम कालबेले, राजकुमार बापुरे, सुरेश नखाते, शिवम नखाते, नितिन हरिनखेड़े, नवीन टेंभरे, डॉ कोसरे, ज्ञानीराम कावड़े, गुणवत मेश्राम, प्रहलाद वैधे, अशोक मेहन्द, सतीश कंकराने, युवराज कंकराने पारस राम ठाकरे, डॉक्टर गण, अरशद खान, इंद्र कुमार राजा भूते , मुकेश कोल्हे,एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश द्वारा विधानसभाओं के सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए

राकेश परिहार

पिछोर, भाजपा किसान मोर्चा जिला आईटी सेल प्रभारी एवं विधानसभाओं के सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशानुसार एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजू बाथम की अनुशंसा पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चीमा की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा जिला शिवपुरी के जिला आईटी सेल प्रभारी एवं विधानसभाओं के सोशल मीडिया प्रभारी की घोषणा की जाती है जिसमें पिछोर क्षेत्र से नवयुवक देवेंद्र तिवारी को प्रथम स्थान चयनित किया गया है इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिला आईटी सेल प्रभारी एवं विधानसभाओं के सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर देवेंद्र तिवारी को पिछोर के नवयुवक ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं है

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया सम्मान समारोह

महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

गोहद- भिंड। आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2,गोहद में, समाज मैं अपनी शिक्षा दीक्षा और त्याग समर्पण से लोहा मनवाने वाले आदरणीय गुरुजनों

का सम्मान समारोह आयोजित किया गया,ओर शिक्षक दिवस के आधार भारत के दूसरे राष्ट्रपति आदरणीय श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के विषय पर गहन चिंतन मनन समाज और क्षेत्र के गुरुजनों ने किया साथ मैं अपने आगे आने वाली पीढ़ी को कैसे समयनुपूर्क शिक्षा कैसे मिले इसके लिए सभी ने चिंतन और मनन किया। कार्यक्रम के मुख्य कार्यवाहक के रूप में समाज मैं अपनी शिक्षा दीक्षा और अपने सामाजिक जीवन से लोहा मनवाने वाले आदरणीय श्री प्रधान अध्यापक बृजमोहन जी शर्मा के सानिध्य में चला, कार्यक्रम में श्री आर. एस. चौहान,श्री अशोक निम,श्री अशोक दुबे,श्री बी. डी माहोर,श्री राकेश बिहारी शर्मा, श्री पी. डी.कुशवाह,श्री करण सिंह चौरसिया,श्रीमती कलवाती जार्ज,श्री कैलाश नारंग शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हरिओम शर्मा का शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हरेंद्र सोबरन जाटव ने सभी विषयों को समायोजित करके गुरु महिमा और वर्तमान संधर्वों में प्रश्नगिकता पर अपने विचार सभी के समक्ष रखें। कार्यक्रम में विद्यालय के बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,कार्यक्रम का संचालन निरंजन कंशना द्वारा किया गया,इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और सभी कर्मचारियों के साथ विद्यालय परिवार सभी भैया ओर भागनी उपस्थित रहीं।

अम्बाह समझौते से समाधान के अंतर्गत गोद ग्राम चिरपुरा का सर्वे...

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... आज दिनांक 6 सितंबर 2022 को पीजी कॉलेज की रासेयो इकाइयों द्वारा गोद ग्राम चिरपुरा में समस्या निवारण सर्वे का आयोजन किया

गया । इस सर्वे में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्टान .डॉ पूर्णिमा अग्र वाल.पंकज भदौरिया एवं वरिष्ठ स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम की समस्याओं का सर्वे किया गया जिसमें मुख्यतः पांच प्रकार की समस्याएं नोट की गई । गांव की समस्याओं को ग्राम स्तर पर निपटाने के लिए कार्यक्रम अधिकारी तथा सरपंच श्रीमती पूनम योगेंद्र राठौर गांव के वरिष्ठ जन श्री अशोक मुदगल जी ने समस्याओं के निवारण के लिए विस्तार से बताया तथा कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन योजना ,आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण आदि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा गांव की समस्या को ग्राम स्तर पर सुलझाने के सुझाव दिए गए। सर्वेक्षण के दौरान पात्र व्यक्ति जो सरकारी योजनाओं से वंचित है उनकी भी जानकारी प्राप्त कर सूचीबद्ध किया

कांग्रेस ने जताया विधानसभा में मिशन 2023 के लिए भरी हुंकार

पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट

टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार

जतारा में कांग्रेस पार्टी ने अपना अधिकृत कार्यालय का उद्घाटन बेरवार तिगेला स्थित इमारत में किया जिसका फीता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर ने

काटकर उद्घाटन किया। जहां पर विधानसभा से आए कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे । जहां पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह गौर ने जोशीले अंदाज में कहा की आने वाला वक्त और सरकार कांग्रेस की है इस जुमलेबाज सरकार ने किसान मजदूर व्यापारी गरीब आदमी की कमर तोड़ दी है महंगाई अपने चरम पर है। इस मौके पर पंकज अहिरवार दुलीचंद अहिरवार इब्बू काजी इमरान खान पलेरा हरेंद्र भास्कर आदि उपस्थित रहें।

शिवपुरी पुलिस द्वारा हरियाणा से क्रय कर गुना मे बिक्रय करने वाले 3 शराब तस्करो को 17 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 235000 हुण्डई वर्ना के साथ किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिह चंदेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण सिंह भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में अवैध शराब बेचने/परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.09.2022 को थाना सुभाषपुरा पर मुखबिर की सूचना मिली कि कि पलवल हरियाणा तरफ से कुछ लोग हुण्डई वरना गाडी से अवैध शराब का परिवहन कर रहे है मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु रवाना होकर सुभाषपुरा पुलिस मुडखेडा टोल टैक्स पर पहुंचे जहा पर दौराने चैकिंग एक सिल्वल रंग की हुण्डई वरना को शासकिय वाहन व डायल 100 से घेर कर रोका एवं उक्त गाडी को चैक किया तो कन्डेक्टर वाली सीट के आगे एक पेटी आईबी शराब की रखी हुई पायी गयी तथा पीछे की सीट के पैरदान मे शराब की बोतले रखी पायी गयी तथा डिग्गी खोलने पर डिग्गी मे 08 08 पेटी एवं 36 बोतल (3 पेटी) रायल चैलेंज शराब की कुल 11 पेटी कीमती करीबन 1,45,000/- , 36 बोतल (3पेटी) बिलंडर अग्रेजी शराब की कीमती करीबन

50,000/- रूपये, एक पेटी आईबी अग्रेजी शराब की कीमती 11,000/- रूपये, 12 बोतल(एक पेटी) सिगनेचर अग्रेजी शराब की कीमती करीबन 16,000/- रूपये, एवं 12 बोतल(एक पेटी) रायल स्टेग अग्रेजी शराब की कीमती करीबन 13,000/- रूपये कुल कीमत करीबन 2,35,000/- रूपये कुल 17 पेटी अग्रेजी शराब कीमत करीबन 2,35,000/- रूपये शराब पायी गयी उक्त शराब व हुण्डई वर्ना क्रमांक स्ब्ब20ष्ष्8520 कीमती 6,00,000/- रूपये कुल मसरूका 8,35,000/- रूपये समक्ष पंचान जप्त किया गया एवं तीन आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया आरोपीगणो के विरूद्ध आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि सुनील सिंह राजपूत, सउनि भुल्लन सिंह, प्रआर. 197 अभय सिंह, आरक्षक 456 हरी सिंह, आर0 301 विमल बौहरे, आर0 740 रविन्द्र शर्मा, आर0 619 पवन कुमार (थाना गोपालपुर), आर0 726 रामपाल जाट, आर0 482 नरेन्द्र धाकड व डायल 100 पायलेट दिलीप धाकड की अहम भूमिका रही ।

ये भी खूब...! बिना वाहन के मिल रहा है करोड़ों रूपये का भाड़ा...

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

विजयपुर-मामला विजयपुर जनपद पंचायत का है जहा शासकीय नियमों के विरूद्ध करोड़ों रूपये के बिलों का भुगतान अनाधिकृत व्यक्तियों को कर शासकीय धन का बंदरबाट किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला परिवहन से संबधित बिलों का है। विजयपुर स्थित फर्म कैलादेवी ट्रेडर्स, एस. एल. ट्रेडर्स, मित्तल ट्रेडर्स एवं मोहन लाल पुत्र शिवजीलाल के संचालकों द्वारा करोड़ो रूपये के परिवहन के बिल जनपद पंचायत विजयपुर में प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त किया है। इन बिलों में किसी वाहन का उल्लेख नही है ना ही वाहन का रजिट्रेशन नम्बर दर्ज है। मजे की बात यह है कि कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी श्योपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1416 श्योपुर दिनांक 27.05.2022 में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि विजयपुर नगर में एवं जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र के अंतर्गत किराये पर चलाने हेतु एक भी मालवाहक वाहन पंजीकृत नही है तथा

कार्यालय- मुख्यकार्यपालन अधि जनपद पंचायत विजयपुर

उपरोक्त फर्म संचालकों के पास कोई भी वाहन माल ढोने हेतु अधिकृत नही है। बिना वाहन के ही करोड़ो रूपये के बिलों का भुगतान जनपद पंचायत विजयपुर के अधिकारियों द्वारा किस प्रकार किया जा रहा है। यह गंभीर जाँच का विषय है।

महेंद्र मुणोत ने गणेश जी की पूजा अर्चना कर शिक्षण सामग्री का किया वितरित

पुष्पांजली टुडे

बेंगलुरू -गौरी पुत्र महिला संघा मारण हल्ली द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने भगवान गणेश जी की पूजा कर जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की संघ की पदाधिकारियों ने महेंद्र मुणोत को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया ।इस कार्यक्रम में में संघ के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे ।

गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना जयकारों के साथ किया गणेश विर्सजन

पुष्पांजली टुडे मुम्बई- शहर समेत पुरे देश में गणेश विर्सजन की धूम है।ढोल नगाड़ो के बिच गणपति जी की मूतियों को विर्सजन के लिए जा रहा है।वही खारघर स्थित क्रिस्ट सेंटर 19 में स्थापित गणेश प्रतिमा का सोमवार को विशेष पूजा अर्चना के बाद जयकारों के बिच गौरी गणेश प्रतिमा का खारघर से पनवेल स्थित नदी में विर्सजन किया गया।

पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर 7 गांव के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि ने विधायक हिना कावरे एवं कलेक्टर को सौंपा पत्र

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

बालाघाटमध्यप्रदेश में संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद गांव की सत्ता पर काबिज नव निर्वाचित मुखिया पुरी तरह से एक्शन में नजर आ रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने ग्राम पंचायत विकास कार्यों की गाथा गढ़ने में जुट गए हैं। गांव के विकास की जिम्मेदारी का निर्वहन करने विधानसभा लांजी की 7 ग्राम पंचायत के सरपंच ने मिलकर अपने अपने गांव को एक दूसरे से जोड़ने वाले मार्ग को पक्का कराने के लिए विधायक हिना कावरे से उनके निवास पर भेंट किया। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरे, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के सदस्य युवराज उदेलाल पटले सभापति, ग्राम पंचायत पाथरगांव से सरपंच अरूण कबिरे, ग्राम पंचायत कलपाथरी से सरपंच लिकेश ऐड़े, उपसरपंच लालचंद नौखरे, ग्राम पंचायत रमपुरा से सरपंच विनय कुशले, ग्राम पंचायत कुम्हारी खुर्द -जिवनारा से सरपंच नेहल तुमेश्वर गौतम , ग्राम पंचायत केरेगांव से सरपंच शशिकला बिसेन, ग्राम पंचायत घोटी घुसमारा से कमला संजय घोरमारे, ग्राम पंचायत अमेडा (पा.) से सरपंच ठगुबाई बिछोड़े एवं जनप्रतिनिधि दीपक बिसेन केरेगांव, संजय घोरमारे घोटी घुसमारा उपस्थित रहे।

सीएम राइज कैंपस शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव पंहुच मार्ग की रखीं मांग

ग्राम पंचायत पाथरगाव अंतर्गत संचालित शास . उच्च. मा . विद्यालय विगत कई वर्षों से संचालित है , जिसमें कक्षा 6 वी से 12 वी तक कक्षायें संचालित है, उक्त कक्षाओं में वर्तमान में लगभग 1000 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। यहां ग्राम पाथरगांव के अलावा खजरी , कलपाथरी , रमपुरा , कटंगी , पालडोंगरी , अमेडा (पा .) , जीवनारा , कुम्हारी खुर्द , करेगाव , दिघोरी सिहारी एवं घोटी घुसमारा अनेक छात्र - छात्राएं अध्यन करने आते है। वर्तमान में सी . एम . राईज स्कूल योजनांतर्गत शा हाई स्कूल बोलेगांव को चयनित किया गया है एवं बोलेगांव हाई स्कूल के साथ शा . उच्च , मा शाला पाथरगाव को कैंपस के रूप में शामिल किया गया है। चूंकि अन्य ग्रामों से पाथरगाव स्कूल तक पहुंचने वाले अधिकतर मार्ग कई वर्षों से कच्चे मार्ग होने से ये मार्ग पूरी तरह से जर्जर एवं गढ्ढों में तबदील हो चुके है। इन मार्गों से बरसात के दिनों के साथ अन्य दिनों में भी स्कूली छात्र - छात्राओं के अलावा ग्रामीणों को आने जाने में कठीनाईयों का सामना करना पड़ता है। इन तमाम समस्या को लेकर सुश्री हिना कावरे विधायक लांजी किरनापुर को ग्राम पंचायत पाथरगांव क्षेत्रांतर्गत शासकीय उच्च मा . शाला से ग्राम पाथरगांव से अन्य ग्रामों को जोड़ने वाले कच्चे पहुंच मार्गों का पक्की सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदाय कराने पत्र लिखा है।

इन मार्गों की रखी है मांग

लांजी से गोंदिया के लिए राजमार्ग का कार्य जारी है और यह मार्ग शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव से होकर गुजरता है। और इसी मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए ग्राम घोटी घुसमारा से लांजी - गोंदिया राज्यमार्ग जिसकी दुरी लगभग 2 किलोमीटर है इसे पक्की सड़क बनाने की मांग रखी है। पाथरगांव झिंगुटोला मुख्य नहर से कुम्हारी खुर्द होते हुये ग्राम करेगांव तक दूरी लगभग 5 कि.मी. तथा पाथरगांव शा.उ.मा.शाला से बाजारटोला कलपाथरी होते हुये ग्राम रमपुरा तक दूरी लगभग 3.5 कि.मी . की मांग रखी है। उपरोक्त मार्गों को स्वयं संज्ञान में लेकर पाथरगांव क्षेत्रांतर्गत संचालित शास. उच्च. मा. शाला पाथरगांव तक पंहुचने वाले सभी मार्ग को पक्का कराने की मांग रखी है।

पुनः आंदोलन का रुख कर सकते हैं छात्र और ग्रामीण

विगत 4 वर्ष पूर्व 8 अगस्त 2018 को शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव के छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनों के द्वारा स्वतंत्र छात्र शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भरत चौरागड़े के नेतृत्व में विशाल आंदोलन किया था, जिसका परिणाम लांजी से गोंदिया राजमार्ग के रूप में उभर कर आया। फिलहाल विभिन्न गांवों से पाथरगांव के लिए पंहुचने वाले सभी मार्ग कच्चे है जिन्हें शासन प्रशासन से शिघ्र बनवाने की मांग रखी है अन्यथा ग्रामीण और छात्र पुनः आंदोलन का रुख अपना सकते हैं।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने 27 दिव्यांगजनों को सौंपी बैटरी चलित ट्राइसकिल

हर उदास चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए सरकार कृत संकल्पित : कुशवाह

मोटराइज्ड ट्राइसकिल मिलीं तो खुशी से झूम उठे दिव्यांगजन

ग्वालियर। शारीरिक दिव्यांगता की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगजन को बैटरी से चलने वाली मोटराइज्ड ट्राइसकिल मिली तो वे खुशी से झूम उठे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने दिव्यांगजनों को हैलमेट पहनाए, मिष्ठान का पैकेट सौंपा, पुष्पहारों से स्वागत किया और उन्हें सम्मानपूर्वक मोटराइज्ड ट्राइसकिल पर बिठाकर रवाना किया। श्री कुशवाह ने अपनी विधायक निधि और सरकार के सामाजिक न्याय विभाग की योजना के संयोजन से 27 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसकिल प्रदान कीं ।

हर मोटराइज्ड ट्राइसकिल 42 हजार रूपए कीमत की है। 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर सरकार द्वारा बैटरी चलित ट्राइसकिल दिए जाने का प्रावधान है। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने मंगलवार को यहाँ 17-ए गाँधी रोड़ स्थित अपने निवास कार्यालय परिसर से दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राइसकिल सौंपी।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि हर उदास चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी भाव के साथ दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसकिल प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा दिव्यांगजन अपना रोजगार धंधा शुरू कर सकें। इसके लिये उन्हें प्रधानमंत्री स्व-निधि एवं मुख्यमंत्री पथ विक्रेता कल्याण योजना के तहत आर्थिक मदद भी प्रदान की जायेगी। साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं के तहत भी उन्हें बड़ी आर्थिक गतिविधि शुरू करने के लिये भी ऋण-अनुदान मुहैया कराया जायेगा।

दिव्यांगजन बोले बैटरी चलित गाड़ी से हमारा हौसला बढ़ गया है

बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसकिल पाकर दिव्यांगजनों का उत्साह और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। पुरानी छावनी निवासी दिव्यांग श्री संजय प्रजापति का कहना था कि अब हम किसी पर निर्भर नहीं रहे। यह गाड़ी मिलने से हमारी जिंदगी सही मायने में पटरी पर आ गई है। ग्राम खेरियामोदी से आईं दिव्यांग महिला श्रीमती रूमा बाई को जब बैटरी चलित ट्राइसकिल मिली तो उनकी आँखें खुशी से भर आईं। वे बोलीं अभी तक हम घिसट-घिसट कर चलते थे। अब सरपट चलकर देवी माँ के दर्शन करने जायेंगे। ग्राम कुलैथ निवासी बाबा हकीम खाँ का कहना था कि मुझे इबादत को जाने के लिये किसी के कंधों के सहारे की जरूरत नहीं रहेगी। इसी प्रकार अन्य हितग्राहियों ने भी बैटरी चलित ट्राइसकिल मिलने की खुशियाँ बयां कीं।

इन्हें मिली हैं बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसकिल

शहर के वार्ड-61 की बस्ती खेरियामोदी निवासी श्रीमती रूमा बाई, वार्ड-62 भटपुरा के प्रदीप कुमार, वार्ड-64 पुरानी छावनी के संजय प्रजापति, वार्ड-65 की बस्ती चौदमारी पहाड़ी की श्रीमती ममता कुशवाह, नयापुरा के वीरेन्द्र कुशवाह व अतर सिंह, छोटे बाबा की पहाड़ी विनोद कुशवाह, गिरवाई के सुरेश सिंह पाल व रामकुमार आदिवासी, वार्ड-66 की बस्ती छौड़ा के निवासी सुरेश प्रजापति तथा वार्ड-4 के तिकोनिया पार्क के समीप के निवासी रमन बिहार पवैया, सिंहपुर रोड़ मुरार के मुन्नालाल प्रजापति व सुश्री रूचि पाठक, घासमंडी मुरार के प्रदीप सिंह राणा व ठाठीपुर के नवीन आर्य को बैटरी चलित ट्राइसकिल दी गई है।

नवागत आबकारी आयुक्त श्रीवास्तव ने पदभार सम्हाला

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के नये आबकारी आयुक्त ओ.पी. श्रीवास्तव ने आज ग्वालियर में अपना पदभार सम्हाल लिया। पदभार सम्हालने के बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया और विभाग के आबकारी राजस्व को बढ़ाने के निर्देश भी दिये।इस मौके पर ग्वालियर संभाग के आयुक्त आशीष सक्सैना ने भी उनको पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और स्वयं उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट करने पहुंचे। ज्ञातव्य है कि पूर्व आबकारी आयुक्त राजीव चंद्र दुबे के सेवानिवृत्त होने पर राज्य शासन ने मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ सचिव ओ.पी. श्रीवास्तव को आबकारी आयुक्त का पदभार सौंपा हैं।

गणेशोत्सव पर चौतरफा गूंज रहे गणपति बप्पा के जयकारे

पार्वती नंदन का हो रहा घर-घर वंदन

ग्वालियर। प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता, सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश का 10 दिवसीय जन्मोत्सव का पर्वकाल श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना के साथ शुरु हो गया है। घर-घर विराजे गजानन का गुणगान चारों तरफ सुनाई दे रहा है। गणेशोत्सव के इस पर्व में संस्कारधानी धर्ममय नजर आ रही है। सुबह-शाम श्रद्धालुजन उनके जयकारें लगा रहे है। 10 दिन तक चलने वाले पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों तक में अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है।

गणेशोत्सव के इस पर्व में नगर के श्री गणेश मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के बीच विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिरों में श्री गजानन के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी है। पूजा-अर्चना के अलावा सहस्त्रार्चन, अभिषेक, गणपति संकट नाश स्त्रोत, अथर्व शीर्ष के सहस्त्राधिक पाठ आयोजित किए जा रहे हैं।

विर्सजन के लिए सागर ताल तैयार

ग्वालियर। गणेश जी विसर्जन के लिए मंगलवार को सगरताल का निरीक्षण करते नेता प्रतिपक्ष मनोज तोमर साथ में है अपर आयुक्त यतेंद्र सिंह ,एएचओ अजय सिंह एवं अन्य कर्मचारी।

संक्षिप्त समाचार

बेटी के साथ की दुष्कर्म की कोशिश

पीड़िता ने सुसाइड का मन बनाया, दोस्त ने की काउंसलिंग, थाने भी ले गया

ग्वालियर। ग्वालियर में 17 वर्षीय नाबालिग के साथ उसके ही पिता ने दुष्कर्म का प्रयास किया। दो दिन पहले छात्रा के दादा का निधन हुआ है। घर में काफी मेहमान थे। छात्रा आंगन में सो रही थी, उसे डर लगा तो वह रूम में पिता के पास पहुंच गई। आधी रात को पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। वह किसी तरह कमरे से निकली और खुदकुशी का मन बनाया। पड़ोस में रहने वाले दोस्त को कॉल किया तो उसने समझदारी दिखाते हुए उसकी काउंसलिंग की। उसे थाने आने को कहा। छात्रा रात को ही बहोड़ापुर थाने पहुंची। पीछे से नाबालिग का पिता भी थाने आ गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने सुनाई आपबीती

बहोडापुर निवासी 17 वर्षीय कविता (बदला हुआ नाम) 12वीं की छात्रा है। उसने बताया - दादाजी का देहांत होने से घर में काफी मेहमान थे। मैं बाहर आंगन में अपनी बहन के साथ सो रही थी। रात 12 बजे के करीब डर लगा तो कमरे में चली गई। वहां पिता छोटे भाई के साथ सो रहे थे। डर के चलते मैं पिता और भाई के बीच में सो गई। कुछ देर बाद मुझे अहसास हुआ कि पिता ने मेरा पैर अपने पैर पर रखा है। फिर वे शरीर पर हाथ फेरने लगे। पिता ने गलत हरकत शुरू कर दी। डर के कारण मेरी आवाज नहीं निकल रही थी। पिता ने मेरा हाथ पकड़कर अपने ऊपर रखा और बोले कुछ फील हुआ। अब मुझसे रहा नहीं गया और मैं वहां से भाग गई। बाहर आकर पड़ोस में रहने वाले अपने दोस्त को बताया।

छात्रा ने आत्महत्या का मन बना लिया था, दोस्त ने समझाया

छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसने पिता की इस हरकत से हताश होकर आत्महत्या का मन बना लिया था, लेकिन उससे पहले उसने पड़ोस में रहने वाले अपने बेस्ट फ्रेंड को कॉल किया। उसने बताया कि उसके पिता ने ही उसके साथ गलत हरकत की है, अब वह जीना नहीं चाहती। दोस्त ने उसे समझाया कि गलत कदम नहीं उठाए, इसमें उसका कोई दोष नहीं है। दोस्त ने अपने बड़े भाई से बात की तो उसने बहोड़ापुर थाने पहुंचने को कहा। एसएसपी अमित सांघी को फोन करने पर बहोड़ापुर पुलिस ने तत्काल बेटी की शिकायत पर पिता के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज किया।

पिता ने मानी गलती

घटना का पता चलते ही पिता को पुलिस ने थाने बुलाया। उसने बताया कि उससे गलती हो गई है। आरोपी घर के पास ही किराना दुकान चलाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के बयान लेने के बाद मेडिकल भी करा रहे हैं।

पर्यूषण पर्व के कार्यक्रमों को दिया साकार रूप

ग्वालियर। ग्वालियर श्री सिद्ध एवं अतिशय क्षेत्र गोपाचल श्री दिगंबर जैन मंदिर पर गोपाचल जैन समाज द्वारा एक मीटिंग आयोजित की जिसमें आगामी दिनों में कार्यक्रमों की रूपरेखा सुनिश्चित की गई। इस बैठक में भारतीय जैन मिलन के कार्यकारी अध्यक्ष वीर राकेश कुमार जैन गोपाचल द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि आगामी रविवार 11 सितंबर को एक सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिसमें मीडिया प्रभारी वीर रूपेश जैन, वीर महेंद्र जैन, वीर मनीष जैन, वीर विमल जैन एडवोकेट, वीर अशोक जैन, वीरअरुण जैन, वीर राजेंद्र जैन एडवोकेट, वीर कमलेश जैन, वीर अजीत जैन गोपाचल, वीर राजेश जैन आदि ने अपनी सहमति प्रगट की। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम के बाद सामूहिक आरती वीर वीरांगनाओं के साथ बड़ी भक्ति भाव से संपन्न की गई।

जनता की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये महापौर हेल्पलाइन शुरू

ग्वालियर। नगर निगम से संबंधित किसी भी शिकायत के त्वरित समाधान के लिये निगम द्वारा महापौर हेल्प लाईन प्रारम्भ की गई है। इस हेल्प लाइन का नम्बर 18002338138 रहेगा। इस नम्बर पर आम नागरिक चैबीस घंटे सातों दिन अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। महापौर हेल्प लाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों की मॉनीटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी तथा निराकरण निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने बताया कि आमजन की समस्याओं का निराकरण उनकी पहली प्राथमिकता है, और अनेक शहरवासी अपने काम काज में इतने व्यस्त होते हैं कि वह छोटी छोटी समस्या के लिये निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगा सकते। उनकी सुविधा को देखते हुए महापौर हेल्प लाइन प्रारंभ की गई है। जहां पर वह निगम से संबंधित अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। उक्त समस्याओं का निराकरण समय सीमा में प्राथमिकता से किया जाएगा।

आमजन निगम से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये सभापति हेल्पलाइन पर करें कॉल

ग्वालियर। शहर के आम नागरिकों की सीवर, सफाई, पेयजल, विद्युत इत्यादि संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं आमजनों की सुविधा के लिये सभापति हेल्प लाइन प्रारंभ की गई है। सभापति हेल्प लाइन के दूरभाष नम्बर 0751-2646609 पर शहर के नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समस्त शिकायतों का निराकरण संबंधित अधिकारियों द्वारा शीघ्र कराया जाएगा।

जनसुनवाई में रेपिस्ट ने धमकाया तो महिलाओं ने लगाई धुनाई

नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर किया था रेप, अश्लील वीडियो किए थे वायरल

ग्वालियर। ग्वालियर में दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने पहुंचे रेपिस्ट को महिलाओं ने पकड़ा और एसपी ऑफिस में ही जमकर धुनाई लगाई है। दुष्कर्म के आरोपी को पीड़िता ने चांटे मारे, बाल पकड़कर खींचा। आरोपी ने 6 महीने पहले नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर विवाहिता से किया था रेप। न्यूड फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर किए थे वायरल। आरोपी पर दुष्कर्म का मामला भी दर्ज है।

मंगलवार को दुष्कर्म पीड़िता एसपी ऑफिस उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर शिकायत करने पहुंची थी, जब वह बाहर निकली तो आरोपी उसे धमकाने आ गया। पीड़िता ने अपनी ननद व अन्य लोगों की मदद से उसे पकड़ा और सड़क पर ही सबक सिखाते हुए घसीटकर पुलिस अफसरों के पास ले गए हैं। अब पुलिस अफसर इस मामले में जांच कर रहे हैं।

यह है पूरा मामला

उपनगर ग्वालियर के किलागेट इलाके में एक 28 वर्षीय शबीना (बदला हुआ नाम) महिला के मकान में रुकसार किराए पर रहती थी। रुकसार के यहां राहुल शर्मा नाम के लड़के का आना जाना था। 6 महीने पहले रुकसार के यहां एक बर्थ डे पार्टी में राहुल ने महिला को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिस पर महिला बेहोश हो गई जब महिला को होश आया तो वह बिस्तर पर न्यूड थी। राहुल शर्मा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही उसके न्यूड फोटो-वीडियो शूट कर लिए थे। जिसके बाद वह उसे ब्लैकमेल कर परेशान करने लगा। उसका शारीरिक शोषण किया और ब्लैकमेल कर गहने तक हड़प लिए। जब महिला ने विरोध किया तो उसने उसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इसके बाद पीड़िता ग्वालियर थाना पहुंची थी और मामले की शिकायत की थी। इस घटना के बाद से लगातार राहुल शर्मा पीड़िता को धमका रहा है। उसकी ननद की बच्चियों को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस भी उसे नहीं पकड़ रही है। आए दिन हमें बयान और राहुल के संबंध में पूछताछ करने थाने बुलाकर बैठा लिया जाता है। इसी मामले में पीड़िता अपनी ननद व अन्य रिश्तेदारों के साथ एसपी ऑफिस जनसुनवाई में आई थी।

एसपी ऑफिस धमकाने पहुंचा, महिला ने पकड़कर पीटा

पीड़िता ने पुलिस अफसरों को शिकायत की कि दुष्कर्म करने वाला राहुल शर्मा उन्हें धमकाता है। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद भी ग्वालियर थाना पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है। इस पर अफसरों ने कहा था कि अब कभी भी वह दिखे तो तत्काल हमें सूचना देना। अभी पीड़िता शिकायत कर लौट रही थी तो एसपी ऑफिस के गेट पर आरोपी राहुल पहुंच गया और धमकाने लगा। जब उसके साथ आठ से दस लोग राहुल के पीछे भागे तो वह एक होटल के बेसमेंट में छुप गया।

सड़क की सौगात देने आ रहे हैं श्रीमंत

भूमिपूजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों : राठौर

देवरीकाँछा से मोहना तक बनने बाली सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता ने ली बैठक

भितरवार ।

देवरीकाँछा से मोहना तक करोड़ों की लागत बनने जा रही सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम की कार्यक्रम की भाजपाइयों द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किए जाने बाले सड़क निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता बैठकें ले रहे हैं। जिसके क्रम में मंगलवार को भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की एक बैठक ली। नरवर मार्ग पटिया बाले पार्क स्थित सामुदायिक भवन में हुई उक्त बैठक में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य और सरपंचों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता श्री राठौर ने कहा कि वर्षों से देवरीकाँछा मोहना मार्ग जर्जर पड़ा था। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की ऐसी परेशानी को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मार्ग के निर्माण के लिए करोड़ों की राशि मंजूर कराई। जिससे बनने जा रही सड़क का भूमिपूजन 12 सितंबर को केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा किया जाएगा।

ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि सड़क की सौगात देने आ रहे सिंधिया का सभी क्षेत्रवासी जोशीला स्वागत करें। और अधिक से अधिक संख्या में सड़क निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हों। बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण जाटव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश जैन,महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा यादव, नेता उदयभान सिंह रावत,सरपंच मोनू गुर्जर,अरविन्द्र रावत,रामसिंह कुशवाह,मुकेश बघेल,बीरेंद्र रावत आदि उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानंद विश्व धर्म सम्मेलन की 129 वीं बरसी पर

प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान

ग्वालियर। स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि 11 सितंबर 1893 में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में हिस्सा लिया था और वहां पर हिंदुस्तान का डंका बजाया था। उन्होंने यह 5 शब्द बोले थे हेलो सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी कि शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन की 129 वीं बरसी पर स्वामी विवेकानंद सेवा समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा स्वामी विवेकानंद सेवा समिति द्वारा समय-समय पर प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है प्रतिभाओं का सम्मान 11 सितंबर 2022 दिन रविवार शाम को 5:00 बजे स्वामी विवेकानंद चौराहा थाटीपुर पर किया जाएगा।

जीवन में तप करना कठिन, लेकिन धर्म की आस्था से सरल हो जाता है: मुनिश्री

पर्यूषण पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की पूजा हुई। इसमें जैन धर्मावलबियों ने पूरे विधि-विधान से पूजा की

ग्वालियर। तप हमारी आत्मा शरीर को उज्ज्वल बनाता है। जो जितनी साधना करेगा उतना ही अपने आप को पवित्र कर सकता है। जीवन में तप करना बड़ा कठिन है, लेकिन धर्म की आस्था के साथ तटस्थ रहने पर तप करना भी बड़ा सरल हो जाता है। मनुष्य को तप की महिमा को भलीभांति समझ लेना चाहिए। यह पर्व व्रत उपवास आदि के माध्यम से तप साधना करने का है। तप कर्म रूपी पर्वतों को तोड़ने के लिए व्रज के समान है। तप से ही कर्मों की निर्जरा होती है। अतः तप आवश्यक है। उक्त उद्गार पर्यूषण पर्व के सातवें दिन मंगलवार को उत्तम तप धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय वर्षायोग समिति व सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कॉलेज के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि शरीर सुखाने का नाम तप नहीं है इच्छाओं को शांत करने का नाम तप है। खुद में खुद को ढूंढने का नाम तप है। जिसे करने के बाद आत्मा निर्मल हो जाए उसका नाम तप है। वही शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो ने भक्ति नृत्य की प्रतुतिया दी।

इंद्रो ने उत्तम तप पर किया अभिषेक

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज व पंडित ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्ग दर्शन में इंद्रो ने संगीतमय धुन पर भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ अभिषेक किया। मुनिश्री ने अपने मुखबिंद से भगवान की शांतिधारा राजेश सरिता जैन, श्रीमती सरोज बोहरा एवं कमलेश राहुल जैन परिवार ने की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478